




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 15 अंक - 235 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 8 जून 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### तेलुगू डेली ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का निधन

**हैदराबाद (एजेंसी)।** मीडिया दिग्गज और ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का 8 जून को हैदराबाद में निधन हो गया। फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली, संगीतकार एमएम कीरावणी और अन्य लोगों ने फिल्म सिटी में ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव को अंतिम सम्मान दिया। इसके साथ ही जूनियर एनटीआर, चिरंजीवी, मनोज मांचू, सुधीर बाबू जैसे कई साउथ सितारों और अन्य ने वीडियो जारी कर अपनी संवेदना व्यक्त की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। फिल्म सिटी में रामोजी राव को अंतिम श्रद्धांजलि देने कई सितारे पहुंचे। सभी की आंखें नम दिखीं। पीएम मोदी ने पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'रामोजी राव गारू का निधन अत्यंत दुखद है। वे एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने भारतीय मीडिया में क्रांति ला दी। उनके समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। अपने उल्लेखनीय प्रयासों के माध्यम से उन्होंने मीडिया और मनोरंजन जगत में नवाचार के नए मानक स्थापित किए। रामोजी राव गारू भारत के विकास के प्रति बेहद भावुक थे। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनसे बातचीत करने और उनके ज्ञान से लाभ उठाने के कई अवसर मिले। इस कठिन समय में उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति संवेदना।'

### ट्यूशन से लौट रही छात्राओं को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत, दो घायल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के अंजोरा में ट्यूशन से घर लौट रही छात्रा को एक ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं 2 अन्य छात्राएं घायल हैं। सूचना पर अंजोरा पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मृत छात्रा के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ चक्काजाम भी कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक घटना अंजोरा थाना स्थित थनोद मोड के पास की है। ग्राम चंगोरी निवासी ओजस्वी पारकर (13) अपने ग्राम आठवीं की कक्षा में पढ़ाई करती थी। वह अपने घर से ट्यूशन के लिए अंजोरा गई थी। शनिवार की सुबह ट्यूशन के बाद अपने घर चंगोरी जा रही थी। साथ में 2 सहेलियां भी थीं। बताया जा रहा है कि तीनों अपनी-अपनी साइकिल से जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से भूसा लोड ट्रक ने छात्रा ओजस्वी को अपनी चपेट में ले लिया। वह साइकिल समेत ट्रक के नीचे आ गई। वहीं उसकी 2 सहेलियां ठोकर लगने से दूर जाकर गिरीं। उन्हें भी चोटें आई है। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने परिजनों के साथ ट्रक के सामने धरने पर बैठकर चक्काजाम कर दिया है। उनकी मांग है कि आरोपी ट्रक चालक पर कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। मौके पर पुलिस बल भी तैनात है। घटना में मृत ओजस्वी पारकर के पिता भोजेंद्र पारकर ने बताया कि वह भी ड्राइवर है। ओजस्वी के 2 भाई बहन हैं। समाचार लिखे जाने तक ट्रक के नीचे रखी डेड बॉडी को नहीं उठाया गया। मृत छात्रा के पिता ने बताया कि ट्रक का मालिक या कोई जिम्मेदार आएगा, तभी हम शव को वहां से उठाएंगे। इधर पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

# भाजपा के निशाने पर 22 विधानसभा सीटें

## इस लोकसभा चुनाव में 10 सीटें जीतने वाली भाजपा को मिली 68 विस में बढ़त

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा के निशाने पर छत्तीसगढ़ की 22 विधानसभा सीटें हैं। यह वे सीटें हैं, जहां हालिया सम्पन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी को लीड नहीं मिल पाई या कम लीड मिली। अब इन सीटों के लिए विशेष रणनीति तैयार की जाएगी। विधानसभा चुनाव में भाजपा को 54 सीटें मिली थी, जिसके बाद प्रदेश में पार्टी की सरकार बनी। इस आधार पर लोकसभा चुनाव में विधानसभा की कुल 68 सीटों पर मिली बढ़त से भाजपा उत्साहित जरूर है, लेकिन 22 सीटों को कमजोर मानकर वहां नए सिरे से मजबूती की कोशिश होगी। राज्य में 5 महीने बाद नगरीय निकायों के चुनाव होने हैं। इसके लिए भी कमजोर क्षेत्रों में मजबूत पैर जमाने की जरूरत है।

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा विधायकों की शुक्रवार को अहम् बैठक रखी गई। बैठक में उन विधानसभा क्षेत्रों का रिपोर्ट कार्ड बनाने को कहा गया, जहां से पार्टी प्रत्याशी को लीड नहीं मिल पाई या कम लीड मिली। ऐसे क्षेत्रों के प्रभारियों और विधायकों पर गाज गिरने की बात भी कही जा रही है, हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व राज्य के नतीजों से खुश और संतुष्ट है। ऐसे में किसी बड़े नेता या जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्रवाई की गुंजाइश कम ही है। यह जरूर है कि पार्टी को उन क्षेत्रों में और मजबूत करने की आवश्यकता है। इसी के मद्देनजर लीड नहीं मिलने वाले क्षेत्रों की तमाम जानकारियां इकट्ठा कर उन कमियों को दूर करने की कोशिश होगी।



राज्य में पिछले साल के अंत में विधानसभा के चुनाव हुए, जिसमें भाजपा का परफारमेंस अच्छा रहा। इसी तरह लोकसभा के नतीजों में भी पार्टी को खासी सफलता मिली है। अब इसी साल के अंत में नगरीय निकायों के चुनाव होने जा रहे हैं। पिछले नगरीय निकाय के चुनाव में भाजपा को बुरी तरह से पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि इसकी एक प्रमुख वजह राज्य में कांग्रेस की सरकार का होना और महापौर व अध्यक्ष जैसे पदों पर अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराना रहा। आमतौर पर माना जाता है कि प्रदेश में जिसकी सत्ता होती है, स्थानीय निकायों के चुनाव नतीजे भी उसी के पक्ष में आते हैं। इस आधार पर राज्य में भाजपा की सत्ता है और भाजपा एक बार फिर से महापौर व अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने पर विचार कर रही है। इसका फायदा भाजपा को ही मिलने की संभावना है।

### शुरू हुई कोरबा के गुनाहगारों की तलाश

इधर, पार्टी ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र में मिली पराजय के कारण तलाशने शुरू कर दिए हैं। इस सीट पर पार्टी ने धाकड़ नेत्री सरोज पाण्डेय को भेजा था। कांग्रेस के कब्जे वाली इस सीट पर एक बार फिर पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा। जबकि पार्टी संगठन के नेता यहां कांग्रेस का चक्रव्यूह तोड़ने की मंशा में थे। कहा जा रहा है कि कोरबा के स्थानीय नेताओं ने ही पार्टी प्रत्याशी को स्वीकार नहीं किया। बताया जाता है कि सरोज पाण्डेय के चुनाव का ज्यादातर काम उनके दुर्ग-भिलाई के समर्थकों ने ही किया। एक बात यह भी सामने आई है कि स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं का पूरा-पूरा साथ नहीं मिल पाने की वजह से कोरबा में भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा। हालांकि इन तमाम बातों की पुष्टि नहीं हो पाई है। चुनाव में पराजय के बाद सरोज पाण्डेय शुक्रवार को दिल्ली में पीएम मोदी के कार्यक्रम में नजर आईं थीं। उनकी तरफ से भी स्थानीय कार्यकर्ताओं व संगठन को लेकर कोई बात अब तक सामने नहीं आई है।

### शानदार जीत के लिए ठोकी पीठ

शुक्रवार की बैठक क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने ली। इस बैठक में जहां 10 सीटों पर भाजपा की शानदार जीत के लिए सभी विधायकों को बधाई दी गई, वहीं कोरबा सीट पर हुई हार और एक दर्जन से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव की तुलना में कम लीड मिलने को लेकर विधायकों से सवाल किए गए। प्रदेश सरकार के तमाम आला नेता व मंत्री भी बैठक में शामिल रहे। इनमें केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाडे, लखनलाल देवांगन के अलावा वरिष्ठ विधायकों में अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, अमर अग्रवाल व भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक शिवरतन शर्मा शामिल थे। माना जा रहा है कि केन्द्र में मोदी सरकार के तीसरी बार शपथ ग्रहण के बाद राज्य में भी राजनीतिक गतिविधियों में तेजी आएगी। फिलहाल प्रदेश सरकार के निशाने पर आने वाले नगरीय निकायों के चुनाव हैं।

### सभी क्षेत्रों की तैयार होगी रिपोर्ट

भाजपा उन सभी विधानसभा क्षेत्रों की रिपोर्ट तैयार करने जा रही है, जहां से लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को या तो कम वोट मिले या मामूली बढ़त मिली। ऐसी कुल 22 सीटें हैं। केबिनेट मंत्री केदार कश्यप के मुताबिक, शुक्रवार की बैठक में लीड वाले विधानसभा क्षेत्रों में वर्तमान स्थिति को बरकरार रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिन क्षेत्रों में कमजोर स्थिति रही, वहां विशेष रणनीति बनाने को कहा गया है। वहीं, इस बात की भी चर्चा है कि जिन क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों को कम लीड मिली, वहां के प्रभारियों और विधायकों पर गाज गिर सकती है। तमाम स्थितियां रिपोर्ट कार्ड पर निर्भर है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह रिपोर्ट कार्ड कब तैयार होगा और उसके बाद क्षेत्र के प्रभारियों और विधायकों से किस तरह सवाल-जवाब दिया जाएगा। या फिर उन पर कैसी गाज गिरेगी? संभव है कि उनके परफारमेंस को कमजोर मानकर पार्टी उन्हें सत्ता के लाभ से वंचित कर दे। क्योंकि आने वाले दिनों में मंत्रिमंडल का विस्तार और निगम-मंडलों में नियुक्तियां होनी है। वहीं केबिनेट मंत्रियों के नीचे संसदीय सचिव भी बनाए जाने हैं।

# कुम्हारी के खारुन ग्रीन्स के बंद कमरे में मिली दो भाईयों की लाश

**बदबू आने पर कॉलोनीवासियों ने दी पुलिस को सूचना, हत्या या आत्महत्या पोस्ट मार्टम में होगा खुलासा**



**भिलाई।** दुर्ग जिले के कुम्हारी में खारूण ग्रीन्स कॉलोनी के एक मकान से दो सगे भाइयों की लाश मिलने सनसनी फैल गई। मकान के अलग अलग कमरों में दोनों भाइयों की लाश मिली। कालोनी वासियों को बदबू आने पर कुम्हारी पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पीएम के लिए भेजा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों की स्वाभाविक मौत हुई है हत्या हुई या आत्महत्या। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार खारून ग्रीन्स के एक मकान में हिमांशु शर्मा (36) व सुधांशु शर्मा (32) पिता स्व. मोहित शर्मा के शव मिले हैं। शुक्रवार शाम को इनके मकान से आ रही असहनीय बदबू से पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई तो कुम्हारी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा अंदर से बंद पाया। दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी पुलिस ने देखा कि अलग अलग कमरे में दो लाशें पड़ी हैं। जिस समय पुलिस पहुंची दोनों की लाशे 50 फीसदी डिकंपोज हो चुकी थी। पुलिस ने पंचनामा के बाद देर रात दोनों के डिकंपोज शव को शास्त्री हास्पिटल सुपेला के मर्च्यूरी में रखवा दिया।

### राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में होगा पीएम

पुलिस ने बताया कि दोनों लाशे काफी डीकंपोज हो गई हैं। सुपेला शास्त्री अस्पताल में पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज भेजा जाएगा। बताया जा रहा है कि शर्मा परिवार पहले भिलाई-3 के नजदीक सिरसा कला गांव में रहता था। सिरसा कला में उनकी किराने की दुकान थी। लगभग पांच साल पहले सिरसा कला का मकान और दुकान बेचकर खारुन ग्रीन्स में शिफ्ट हो गए थे। इस बीच पहले उनकी मां और फिर पिता का निधन हो गया। माता पिता की मौत के बाद दोनों भाई अकेले रहते थे। हिमांशु ने पार्थिवी कॉलेज से इंजीनियरिंग की थी। वह जमीन खरीदी बिक्री का काम करता था। हिमांशु की लाश एसी कमरे में मिली वहीं सुधांशु की लाश दूसरे कमरे में। अब पूरे मामले कई तरह का संदेह है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर इन दोनों भाईयों की हत्या, आत्महत्या या फिर स्वाभाविक मौत का खुलासा होगा।

### मोटर पार्ट्स सर्विसिंग सेंटर्स में लगी आग, लाखों का नुकसान



**बिलासपुर।** मुख्य मार्ग पेट्रोल पम्प के पास या ताज मोटर पार्ट्स सर्विसिंग सेंटर्स की दुकान में सुबह-सुबह आज लग जाने से लगभग लाखों का नुकसान हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाई स्कूल रोड में जे एम पी महाविद्यालय गेट के कुछ ही दुर आगे सोनु शाह, सिल्लु शाह का या ताज ऑटो पार्ट्स सर्विस सेंटर के नाम से मक्कड़ पेट्रोल पंप के ठीक सामने दुकान संचालित करते हैं।

आज सुबह-सुबह 5 बजे दुकान में अचानक आग लग गई। जिस दुकान में मोटर वहां के पाट्र्स,गद्दी,कव्हर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया दमकल से जब तक आग में काबू पाया जाता तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो गई। सर्विसिंग के लिए आए अंदर रखी दुपहिया वाहन भी जलकर राख हो गई है पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मामले में विवेचना जारी है आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# दिल्ली में कल से दो दिन नो फ्लाइंग जोन

## मोदी सरकार के शपथ के कारण तीन स्तरीय सुरक्षा




**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे शपथ ग्रहण को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने रविवार से दो दिन 9 व 10 जून तक राष्ट्रीय राजधानी को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इस दौरान पैराग्लाइडर, पैरा- मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, हॉट एयर बलून, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट और रिमोट से संचालित विमानों की उड़ान पर प्रतिबंध रहेगा। लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने निषेधाज्ञा आदेश जारी करते हुए बताया कि ऐसी सूचना है कि भारत विरोधी कुछ आपराधिक, असामाजिक तत्व या आतंकवादी आम जनता, गणमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित करने के साथ इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के पास ड्रोन और लेजर बीम गतिविधियों को रोकने के लिए भी निषेधाज्ञा लागू की गई है। बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस व सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। किसी भी अनधिकृत वाहन को सुरक्षा क्षेत्रों में प्रवेश करने से रोकने के लिए गहन जांच की जा रही है।

### तीन स्तरीय सुरक्षा के इंतजाम

**आंतरिक परिधि :** राष्ट्रपति भवन और कर्तव्य पथ के आसपास का उच्च सुरक्षा क्षेत्र। शपथ समारोह यहीं होगा।

**बाहरी परिधि :** उन होटलों के आसपास सुरक्षा की दूसरी परत, जहां विदेशी राष्ट्राध्यक्ष और गणमान्य व्यक्ति ठहरेंगे। इनमें ताज, मौर्य, लीला और ओबेरॉय होटल शामिल हैं। सबसे बाहरी परिधि मध्य दिल्ली के आसपास सुरक्षा की तीसरी परत, जिसमें जमीन से हवा तक निगरानी और व्यापक सुरक्षा कवर शामिल है।

### इस तरह होगी पुख्ता निगहबानी

खुफिया एजेंसियां सुरक्षा खतरों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए विदेशी एजेंसियों से समन्वय कर रही हैं। हर विदेशी नेता के लिए व्यक्तिगत खतरे का आकलन किया जा रहा है। वहीं होटल कर्मचारियों की बैकग्राउंड जांच की जाएगी, ताकि सुनिश्चित हो सके कि उनसे सुरक्षा जोखिम नहीं है। स्थिति पर नजर रखने और किसी भी सुरक्षा खतरे का जवाब देने के लिए अलग नियंत्रण कक्ष बनेगा। अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए राज्य की सीमाओं को सील कर दिया जाएगा। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा उपस्थिति बढ़ाई जाएगी। परिचालन आवश्यकताओं के आधार पर प्रतिबंधों को और बढ़ाया जा सकता है।

# पराजय स्वीकारना सीखें विपक्षी दल

श्रीकंचनपथ




लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। जनता दनार्दन ने एनडीए और विपक्षी गठबंधन को उनकी जगह दिखा दी है। एनडीए पूर्ण बहुमत में है और सरकार बनाने जा रही है। एनडीए ने नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुन लिया है। अब वे प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। विपक्षी गठबंधन भी अपना नेता जल्द चुन ले। इस बार उसकी स्थिति सालों बाद काफी सुधरी है। जनता ने अपना काम कर दिया है अब बारी नेताओं की है। नेता चाहे वो एनडीए के हों या फिर विपक्ष के, उनकी भी कुछ जिम्मेदारी बनती है। भारत समेत पूरा विश्व फिलहाल एक नाजुक दौर से गुजर रहा है जब राजनीतिक अस्थिरता बहुत कुछ बिगाड़ सकती है। इसलिए सरकार बनाने-बिगाड़ने और तमाम तरह के हथकंडों और गुंताड़ों को फिलहाल किनारे रखकर राष्ट्रधर्म के पालन का वक्त है। भाजपा को भी समझना होगा कि कांग्रेस विहीन भारत और नेहरू-विहीन कांग्रेस पर लिफाफेबाजी करने का कोई लाभ नहीं है। वहीं कांग्रेस को भी समझना होगा कि यह वक्त सरकार गिराने के मंसूबे पालने का नहीं बल्कि विपक्ष की मजबूत भूमिका निभाने की है। अब तक जो कुछ भी होता रहा है, स्वयं जनता ने उसपर खाक डाल दिया है। तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के साथ ही नेहरू की बराबरी करने का मोदी का सपना पूरा हो गया है। अब इस अभियान को यहीं विराम दें और आने वाले पांच सालों की तैयारी करें। इस बार उनकी राह आसान नहीं होगी। भाजपा को इतना तो समझ में आ ही गया होगा कि इस बार सरकार उनकी नहीं बल्कि एनडीए की है। इसलिए विरोधी दलों को ठिकाने लगाने के अपने अभियान को वह चाहे तो तिलांजलि दे सकती है। इस ऊर्जा का उपयोग वो जनता की तकलीफों को कम करने के लिए कर सकती है। किसी देश का युवा शक्ति होना महत्वपूर्ण हो सकता है पर उन युवाओं की आंखों में एक बेहतर और सुरक्षित कल का सपना सजाना, इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। वह देश को गढ़ना चाहता है, अपने हिस्से का अंशदान करना चाहता है। पर इसके लिए उसके पास पर्याप्त अवसर नहीं हैं। 30-30 साल की पढ़ाई के बाद भी उसे रोजगार मिलने की गारंटी नहीं है। यह कहने का कोई तुक नहीं है कि पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद स्टार्टअप में अपनी किस्मत आजमाओ। लोग अपना पेट काटकर अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं। ज्यादा पढ़ा लिखा आदमी न तो चाय बेच सकता है और न ही पकौड़े। वह सम्मान के साथ रोजगार चाहता है। उसकी कुंठा की थाह लेना जरूरी है। राजनेताओं को यह समझना होगा कि किसी भी तरह के अफीम का असर ज्यादा दिनों तक नहीं रहता। सही है कि वैश्विक बाजार में सार्वजनिक उपक्रमों ने अपनी प्रासंगिकता खो दी है पर इसके विकल्प तलाशने की जिम्मेदारी भी सरकार पर ही है। एनडीए के घटक-दलों के साथ ही यह पूरे विपक्ष की जिम्मेदारी है कि वह एक सकारात्मक भूमिका में नजर आए।




## संपादकीय

# तीसरा कार्यकाल

नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं और उन्हें आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुन लिया गया है। नेता चुने जाते ही नरेंद्र मोदी ने उचित ही आश्वस्त किया कि वह अपनी अगली सरकार के सभी फैसलों में सर्वसम्मति सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। वह पहले भी गठबंधन की सरकार चला चुके हैं, मगर इस बार गठबंधन पर उनकी निर्भरता है।

> ऐसे में, सहयोगी दलों के साथ मिलकर चलना इस कार्यकाल की मांग है। यह अपने आप में सुखद है कि उनकी आगामी सरकार में दक्षिण भारत से चंद्रबाबू नायडू का मजबूत प्रतिनिधित्व रहेगा, तो उत्तर भारत से सबसे बड़े सहयोगी नीतीश कुमार रहेंगे। नायडू और नीतीश कुमार, दोनों को विश्वास में लेते हुए अगर केंद्र सरकार काम करती है, तो जाहिर है, विपक्ष को भी उसे अस्थिर करने के ज्यादा मौके नहीं मिलेंगे। विपक्ष तो इसी ताक में हमेशा रहेगा कि एनडीए में फूट पड़े और भाजपा कमजोर हो।

खैर, अब यह भारतीय इतिहास में दर्ज हो गया है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने संसदीय दल के नेता के रूप में नरेंद्र मोदी का नाम प्रस्तावित किया और उनके प्रस्ताव का अमित शाह, तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, बिहार के मुख्यमंत्री व जद-यू प्रमुख नीतीश कुमार और अन्य नेताओं ने समर्थन किया। प्रधानमंत्री के नाम पर गठबंधन में सर्वसम्मति है और अब उनके भावी कार्यकाल की ओर सबकी निगाह रहने वाली है। नरेंद्र मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल का महत्व अच्छी तरह समझ रहे हैं और इसी रोशनी में उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि अगले दशक में भारत के लिए उनका व्यक्तिगत सपना सुशासन, विकास और प्रत्येक नागरिक के जीवन में सुधार पर केंद्रित होगा। उन्होंने यह भी कहा है कि लोगों के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप कम करने से हमारा लोकतंत्र ही मजबूत होगा। वाकई अपने देश में अभी भी कोई नई पहल या किसी नए उद्यम की स्थापना आसान नहीं है। लोगों को तरह-तरह से परेशान करने वाली प्रक्रियाएं हैं, पुलिस के पास जरूरत से ज्यादा शक्तियां हैं, अतः नई सरकार अगर सामान्य जन-जीवन में सरकारी हस्तक्षेप को न्यूनतम कर सकी, तो यह एक बड़ा बदलाव होगा। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि हम विकास, सुशासन और समावेशी भागीदारी की एक नई यात्रा शुरू कर रहे हैं। वाकई, इसकी इस देश को जरूरत है। गौर करने की बात है कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री ने संविधान को अपने माथे से लगाया, उनका यह कृत्य दरअसल विपक्ष को दिया गया जवाब था। चुनाव प्रचार के दौरान यह बार-बार कहा गया था कि भाजपा सत्ता में आई, तो संविधान बदल देगी।

नरेंद्र मोदी का संबोधन एनडीए और भाजपा, दोनों को ही बल प्रदान करेगा। आज मिलकर चलने की जरूरत है। प्रधानमंत्री के संबोधन से साफ लगता है कि आगामी दिनों में समाज में परस्पर कटुता कम होगी। गरीबों को आर्थिक-सामाजिक रूप से ऊपर लाया जाएगा और अमीरों को देश के विकास व रोजगार के प्रति जवाबदेह बनाया जाएगा। भारत जैसे विविधता भरे समाज में तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री बनने की कामयाबी किसी चमत्कार से कम नहीं है, इस चमत्कार को लोगों के जीवन में सकारात्मक भाव से उतरना चाहिए। जनादेश ने बता दिया है कि लोगों को अभी भी प्रधानमंत्री से बहुत उम्मीदे हैं और उस पर खरा उतरने के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

# बदलते मौसम से सबक लेंगे

**वर्ष 2029 में होने वाला अगला लोक सभा चुनाव अप्रैल के अंत तक खत्म हो जाएगा क्योंकि देश भर के कई राज्यों में तीव्र गर्मी के कारण मतदान में गिरावट आई है। यह कहना है मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का। इस बार आम चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक हुए। इस दौरान उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप बना रहा। उप्र और बिहार समेत अन्य राज्यों में चुनाव ड्यूटी में तैनात कई मतदानकर्मियों की गर्मी के चलते मौत तक हो गई। ढेरों गश खाकर गिर गए, उन्हें बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाना पड़ा।**

निर्वाचन आयोग ने स्वीकारा कि बदलते मौसम से हम सबक लेंगे। खुश होने की बात यह है कि इस बार चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत कुल 64.2 करोड़ देशवासियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। दुनिया की सबसे बड़ी चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने में 68 हजार से अधिक निगरानी दल तथा डेढ़ करोड़ मतदान और सुरक्षाकर्मी तैनात थे।

मुख्य चुनाव आयुक्त का कहना है कि 2024 के आम चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की 495 शिकायतें आई जिनमें से 90त्न से अधिक का निपटारा किया गया। हालांकि विपक्ष ने लगातार आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाया। भीषण गर्मी में चुनाव कराने की आलोचनाओं के बाद अगले चुनाव अप्रैल में ही संपन्न कराए जाएंगे, कहने से आयोग की गलती छोटी नहीं हो जाती। अव्वल तो उस वक्त इस कुर्सी पर जो आयुक्त होगा, इस बारे में बेहतर ढंग से निर्णय लेने का इख्तियार उसका होगा।

दूसरे, 42 दिनों लंबे सात चरणों की इस चुनाव अनुसूची को तय करते वक्त गर्मी बढ़ने के विषय में विचार किया जाना बेहद जरूरी था। कहना न होगा कि मौसम की यह मार अचानक नहीं हुई। देश के कुछ इलाकों में मई-जून के दरम्यान पड़ने वाली भीषण गर्मी से हम सब अच्छे से वाकिफ हैं।

सवाल यह है कि चुनाव ड्यूटी पर मारे गए कर्मचारियों के परिवारों/आश्रितों के विषय में आयोग मौन क्यों रहा? उसे अपनी गलती सुधारने, उन्हें श्रृद्धांजलि देने के साथ आर्थिक मदद के लिए हाथ बढ़ाने के लिए आगे आने का प्रयास करते नजर आना चाहिए। सरकार से गुजारिश करनी चाहिए कि वह उनका बीमा करे, उन्हें चिकित्सा सुविधाएं दे और उनके योगदान की सार्वजनिक तौर पर सराहना की जाए।



नजरिया

# आम, लीची और केले पर पड़ने लगा बढ़ते ताप का असर

*अपने देश में आम को फलों का राजा और लीची को फलों की रानी कहा जाता है। हर साल की तरह इस साल भी इन दिनों बाजार में दोनों फलों की बहार आई हुई है। आम की फसल की पहले चर्चा करें, तो इस बार भी मौसम की मार आम पर पड़ी है।*

एस के सिंह,
प्रोफेसर व कृषि वैज्ञानिक



अप्रैल के महीने तक सब ठीक था, लेकिन हीट वेव या लू से नुकसान हुआ। पहले हीट वेव का दौर तीन-चार दिन का होता था, इस बार अप्रैल में ही हीट वेव बारह से पंद्रह दिन का हो गया। लू की वजह से बड़ी मात्रा में फल समय से पूर्व ही पेड़ से गिर गए हैं। आखिर ऐसा क्यों हुआ?

दरअसल, समस्या यह है कि किसान बाग तो लगा देते हैं, पर पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं करते। कृषि वैज्ञानिक बोल-बोलकर थक गए हैं कि बाग में पानी की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि फूलों और फलों को असमय झुलसकर गिरने से बचाया जा सके। हम किसानों को समझाते रहते हैं कि अपने बाग की मिट्टी को सूखने मत दीजिए, मिट्टी सूखेगी, तो लगे हुए फ्ल असमय गिरेंगे।

फसल इस बार बहुत प्रभावित हुई है। ऐसा भी लगता है कि किसानों का ज्यादा ध्यान चुनाव की ओर चला गया। वैसे किसानों की स्थिति देखें, तो ज्यादातर किसान अभाव में जीते हैं और बाग में पानी की यथोचित व्यवस्था नहीं कर पाते, जिससे आम की पैदावार जितनी व जिस गुणवत्ता की हो सकती थी, वैसी नहीं हो पाई है।

आम की तुलना में लीची बहुत ज्यादा प्रभावित हुई है। पिछले दिनों एक मित्र ने मुझसे पूछा कि लीची के पेड़ों पर फूल-फल इतने कम क्यों आए हैं? हमें समझना चाहिए कि कोई पेड़ दो चरण से गुजरता है। एक चरण में पेड़ में पत्तियां होती हैं और दूसरे चरण में उसमें फूल और फल आता है। जब पेड़ फूल और फल देने की प्रक्रिया में आ जाता है, तब वह इस प्रक्रिया में किसी तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करता है। अगर फूल-फल के चरण में छेड़छाड़ हो, तो पेड़ फिर पत्तियां देने के चरण में चला जाता है। एक तो इस बार सर्दी देर से पड़ी थी और इसके ठीक बाद तापमान बढ़ गया। पेड़ को यह लगा कि गरमी आ गई और वह पत्तियां बनाने के चरण में चला गया, तो उसका फूलना-फलना कम हो गया, ठीक ऐसा ही लीची के साथ ज्यादा हुआ है। कहीं न कहीं मौसम की गड़बड़ी से फलों और उनकी गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। जिन किसानों ने कुछ मेहनत की है, उन्होंने अपनी फसल व पैदावार को बचा लिया है।

बहरहाल, यह बताते चलें कि भारत में कुल 720.12 हजार मैट्रिक टन लीची का उत्पादन प्राप्त होता है, जबकि अकेले बिहार से 308.06 हजार मैट्रिक टन लीची का फल प्राप्त होता है। बिहार में लीची की उत्पादकता 8.40 टन/हेक्टेयर है, जबकि इसकी राष्ट्रीय उत्पादकता 7.35 टन/हेक्टेयर है। भारत में पैदा होने वाली लीची का लगभग 40 फीसदी उत्पादन बिहार में ही होता है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल और पश्चिम बंगाल जैसे प्रदेशों में भी लीची की खेती होती है। अकेले मुजफ्फरपुर में 11 हजार हेक्टेयर में लीची के बाग हैं।

अब बदलते समय के साथ बिहार की कृषि जलवायु में हो रहे परिवर्तन लीची की खेती के लिए गंभीर खतरे के रूप मे उभर रहे हैं। तापमान का 40 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर कई बार पहुंचना लीची उत्पादक किसानों के लिए बहुत ही चिंता का विषय है। लीची के बागों में पेड़ों पर जल छिड़काव की व्यवस्था अब जरूरी है। साथ ही, उनमें मधुमक्खी पालन से भी अच्छी गुणवत्ता वाले फलों की पैदावार 15-20 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।

आम, लीची की तरह केला उत्पादन पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इसकी खेती के लिए भी आवश्यक है कि तापमान 13-40 डिग्री के बीच हो। सर्दी के दिनों में न्यूनतम तापमान जब 10 डिग्री से नीचे जाता है, तब भी केला उत्पादन पर असर पड़ता है। अब विगत कई वर्षों से हीट वेव की साल-दर-साल बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता चिंता का कारण बनती जा रही है। भारत में बुनियादी रूप से हमेशा उपलब्ध किफायती फल केले की पैदावार तब प्रभावित होती है, जब तापमान विशेष रूप से 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाता है। लू चलने और जल की कमी से भी केला उत्पादन पर असर पड़ता है। संकेत स्पष्ट है कि उत्तर भारत के एक बड़े क्षेत्र में किसानों को ज्यादा जल और बेहतर कृषि ज्ञान की जरूरत है, ताकि इन फलों की मिठास बनी रहे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पर्यावरण के बड़े खतरों से निपटने के लिये कोशिशें भी बड़ी हों

ललित गर्ग



विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इंसानों को प्रकृति, पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिए यह खास दिवस मनाया जाता है और देश एवं दुनिया में पर्यावरण संरक्षण की याद दिलाई जाती है। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है। इस वर्ष बढ़ी हुई गर्मी एवं तापमान ने न केवल जीवन को जटिल बनाया बल्कि अनेक लोगों की जान भी गयी। वर्तमान समय में पर्यावरण के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां गंभीर चिन्ता का विषय बनी हुई हैं।

ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। इस बार पर्यावरण दिवस ऐसे समय में आया है, जबकि अनेक देश युद्ध की विभीषिका के कहर से जूझ रही है और दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ता तापमान, असंतुलित पर्यावरण जैसी चिंताओं से रू-ब-रू है। पर्यावरण को समर्पित यह खास दिन हमें प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने एवं उसके प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित करता है। विश्व पर्यावरण दिवस 1974 से ही मनाया जाता है, जब संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार इसकी घोषणा की थी। सऊदी अरब 2024 में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह की मेज़बानी करेगा, जिसका थीम होगी 'हमारी भूमि, हमारा भविष्य।' यह थीम भूमि और इकोसिस्टम को बहाल करने, जैव विविधता की रक्षा करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयास पर जोर देती है। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता।' मानवता भूमि पर निर्भर है। फ्रि भी, पूरी दुनिया में प्रदूषण, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है और संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र मृत क्षेत्रों में बदल रहा है। इस वर्ष का विषय का फोकस 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है।

ग्लोबल वार्मिंग का खतरनाक प्रभाव अब साफतौर पर दिखने लगा है। देखा जा सकता है कि गर्मियां आग उगलने लगी हैं और सर्दियों में गर्मी का अहसास होने लगा है। असंतुलित पर्यावरण विनाश का कारण बन रहा है। आजकल जब उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्से रेकार्ड गर्मी से तप रहे हैं तब पश्चिम बंगाल और केरल में भयानक बारिश हो रही है। इस तरह एक साथ इतनी तेज बारिश से नुकसान होता है। बढ़ते शहरीकरण विकास योजनाओं और जिंदगी से जुड़े हर क्षेत्र में पानी की जरूरतें बढ़ रही है। दूसरी तरफ पानी के कुदरती स्रोत कम होते जा रहे हैं। हमें पानी के इस्तेमाल के तौर-तरीकों में तुरंत बदलाव करते हुए संयम बरतने की जरूरत है। खेती में पानी के इस्तेमाल, पानी को इकट्ठा करने और उन्हें भूगर्भीय स्रोतों तक पहुंचाने के तौर-तरीकों और पानी के आम इस्तेमाल को बदलना होगा। नई सरकार को इस पर ज्यादा ध्यान देना होगा क्योंकि पानी की उपलब्धता के सारे समीकरण बदल गए हैं। तापमान का 50 डिग्री पार करना जटिल एवं गंभीर पर्यावरणीय घटना है। फ्रिज, एसी, कूलर और कारों की बिक्री बढ़ने से बिजली की खपत बढेगी। यह स्थिति कोयले, पेट्रोल, डीजल के इस्तेमाल को बढ़ायेगी। ऐसे में लगातार ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही धरती और गर्म हो जाएगी। देश-दुनिया में गर्मी के नए रेकार्ड बनेंगे। इन दिनों कई शहरों का तापमान रेकार्ड तोड़ चुका है। इससे दिहाड़ी मजदूर, किसान और मेहनतकश लोगों को जूझना पड़ रहा है। वहीं ज्यादा बारिश वाले क्षेत्रों में पानी की कमी हो रही है तो सूखी जगहों पर बेतहाशा बारिश। इन घटनाओं की वजह को समझना होगा, उसे गंभीरता से लेना होगा। नई बनने वाली सरकार को पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देना होगा। जलवायु परिवर्तन के अलावा कई समस्याएं मानव निर्मित भी है। माना कि बादल फ्टने, जंगलों में आग जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन अपेक्षाकृत नए माने जाने वाले हिमालय एवं पहाड़ी क्षेत्रों में नए बांध और सड़क बनाए जाने से होने वाले नुकसान ज्यादा सामने आ रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन ऐसा मसला है जिसमें पर्यावरण से होने वाला खतरा किसी देश की सीमा या उसकी हैसियत नहीं देखता। सबको बराबर नुकसान होता है। इसलिए विश्व के सभी देशों एवं विशेषतः विकसित एवं शक्तिसम्पन्न देशों को उदार एवं दूरगामी नजरिया अपनाना होगा। अपने-अपने स्वार्थों को नजरअंदाज करते हुए विश्व मानवता को केन्द्र में रखना जरूरी है। कई बिंदुओं पर दुनिया पीछे जा रही हैं। दुनियाभर में जो युद्ध चल रहे हैं, उनकी वजह से भी सारे समीकरण बदल गये हैं। पहले कोविड ने नुकसान पहुंचाया, उसके बाद रूस-युक्रेन युद्ध और इस्राइल-गाजा का मामला चल रहा है। युद्धों का पर्यावरण पर सबसे घातक असर पड़ता है और यही जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण भी बनते हैं। पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं, जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। हालांकि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। दूषित पर्यावरण उन घटकों को प्रभावित करता है, जो जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने की आज बड़ी आवश्यकता है, इस दृष्टि से विश्व पर्यावरण दिवस मनाना केवल आयोजनात्मक न होकर प्रयोजनात्मक बने, यह अपेक्षित है।

बदलते मौसम का ग्लेशियर पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। सदियों से ग्लेशियर पिघलकर नदियों के रूप में लोगों को जीवन देते रहे हैं। लेकिन पिछले दो-तीन दशकों में पर्यावरण के बढ़ रहे दुष्परिणामों के कारण इनके पिघलने की गति में जो तेजी आई है, वह चिंताजनक है। ऐसे में मुंबई समेत दुनिया के कई हिस्सों एवं महानगरों-नगरों के डूबने की आशंका तेजी से बढ़ चुकी है। इसका खुलासा अमरीकन नेशनल अकादमी ऑफसाइंस ने किया है। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों के रूप में दिखलाई पड़ता है। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगे हैं। ग्लेशियर के तेजी से पिघलने के कारण महासागर में जलस्तर में ऐसी ही बढ़ोतरी होती रही तो महासागरों का बढ़ता हुआ क्षेत्रफ्ल और जलस्तर एक दिन तटवर्ती स्थल, भागों और द्वीपों को जलमग्न कर देगा। ये स्थितियां भारत में हिमालय के ग्लेशियर के पिघलने से एक बड़े संकट का कारण बन रही है। हाल के दिनों में हिमालयी राज्यों में जंगलों में आग की जो घटनाएं घटीं, वे ग्लेशियरों के लिए नया खतरा हैं। वनों में आग तो पहले भी लगती रही हैं, पर ऐसी भयानक आग काफी खतरनाक है। ग्रीन हाउस गैसों के असर से पूरी दुनिया के साथ ही हिमालय भी गरम हुआ है। हाल में हुए एक अध्ययन में पाया गया कि उत्तर पश्चिमी हिमलाय के औसत तापमान में पिछले दो दशक में 2.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। यह आंकड़ा उसके पहले के सौ साल में हुई बढ़ोतरी से कहीं ज्यादा है। भारत समेत पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में हैं। प्रकृति जीवन जीने के लिए किसी भी जीव को हर जरूरी चीज उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो जीवन प्रभावित होगा। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने एवं संतुलित मौसम चक्र को कायम करने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस मनाने की शुरुआत हुई।

**( ये लेखक के विचार हैं )**



# जनता याद रखती है किसने ठगा है...

सुनील दास

जनता उसे कभी नहीं भूलती है जिसने उसे ठगा है, जब भी मौका मिलता है,वह उसे सजा जरूर देती है। इसमें वक्त लगता है लेकिन जनता को ठगकर कोई बच नहीं सकता है. इसलिए कोई भी राजनीदित दल हो वह जनता के लिए कुछ कर रहा है तो करते वक्त इतनी सावधानी जरूर रखे कि वह जनता का साफ साफ बताए कि वह उसके लिए क्या करने वाला, कब करने वाला है, कैसे करने वाला है। इससे जनता को यह तो पता रहेगा कि उसके हित के लिए काम करने वाले ने क्या कहा था और जैसे कहा था वैसा कर रहा है  या नहीं।

जो भी राजनीतिक दल हो या दल का नेता हो वह जनता को ठगकर बच नहीं सकता एक चुनाव में वह ठगता है तो दूसरे चुनाव में जनता उसका हिसाब बराबर कर देती है। छत्तीसगढ़ के नेता भूपेश बघेल इसके उदाहरण माने जाते हैं। भूपेश बघेल ने 2018 का चुनाव जीतने के लिए बहुत सारे लोकलुभावने वादे किए। एक वादा था राज्य में पूर्ण शराबबंदी का। भूपेश बघेल ने राज्य की महिलाओं का वोट लेने के लिए राज्य में पूर्ण शराबबंदी का वादा किया। राज्य की महिलाएं घर परिवार के लोगों को शराब पीने सबसे ज्यादा प्रभावित रहती है, इसलिए महिलाओं ने भूपेश बघेल के शराबबंदी के वादे पर यकीन किया और कांग्रेस को वोट दिया और जिता भी दिया।

सरकार बनने के बाद भूपेश बघेल से जब भी पूछा जाता यही कहते कि सरकार शराबबंदी का वादा जरूर पूरा करेगी। जनता ने हमें पांच साल के लिए सत्ता सौंपी है तो हम पांच साल के भीतर यह वादा जरूर पूरा करेंगे। इस तरह भूपेश बघेल ने पूरे पांच साल निकाल दिए। भूपेश बघेल ने सोचा पांच साल बाद तो महिलाए भूल गई होंगी शराबबंदी के वादे को लेकिन राज्य की महिलाओं ने याद रखा कि भूपेश बघेल ने उनसे किया वादा पूरा नहीं किया है और 2023 के चुनाव में महिलाओं ने भूपेश बघेल को बता दिया कि महिलाओं को ठगने का परिणाम क्या होता है।

भूपेश बघेल जीत के प्रति आश्वस्त थे लेकिन राज्य की नाराज महिलाओं ने उन्हें वोट नहीं दिया, भूपेश बघेल हार गए और भाजपा जीत गई। गौरतलब बात है कि भाजपा की जीत में भी महिलाओं की भूमिका अहम रही है. महतारी वंदन योजना के तहत साय सरकार महिलाओं को हर माह एक हजार रुपए दे रही है। लाखों महिलाओं को चार किस्त साय सरकार दे चुकी है। महतारी वंदन योजना के लिए 70 लाखों से ज्यादा आवेदन मिले थे,बताया जाता है कि 11 लाख आवेदन निरस्त किए गए थे। 20 हजार आवेदनों की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि अपात्र महिलाओं को भी योजना का लाभ मिल रहा है। अपात्र महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिलना चाहिए यह सरकार व विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है। अगर अपात्र महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है तो इसके लिए महिलाओं थोड़ी न दोषी हैं। दोषी तो अधिकारी हैं।

अब जिन महिलाओं को चार किस्त मिल चुकी है, उसे जांच में अपात्र पाए जाने पर पैसा नहीं मिलेगा तो उसे बुरा लगेगा ही। वह तो कहेगी ही महतारी वंदन योजना है और सरकार महिलाओं को पैसा नहीं दे रही है। इसमें राजनीतिक दलों की भी गलती होती है, महिलाओं का वोट लेना रहता है तो वह चुनाव के दौरान कहते हैं महिलाओं को हर माह एक हजार रुपए दिया जाएगा लेकिन जब सरकार बन जाती है तो महिलाओं को पता चलता है कि सभी महिलाओं को नहीं मिलेगा।

राजनीतिक दलों को चुनाव के वक्त ही बता देना चाहिए कि उनकी योजना का लाभ सरकार बनने पर किन महिलाओं को मिलेगा, इससे महिलाओं को वोट देने के बाद तो ऐसा नहीं लगेगा कि राजनीतिक दल ने उसे ठग लिया है। चुनाव में उसका वोट ले लिया और अब पैसा नहीं दे रहा है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने ऐसा ही किया है। कांग्रस ने वादा किया कि गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए जाएगा। गरीब महिलाओं ने इस वादे पर यकीन कर अपना खाता खुलवा लिया,कांग्रस कार्यकताओं ने  उनसे फर्म भरवा लिया और गारंटी कार्ड भी दे दिया ताकि महिलाओं को भरोसा हो जाए कि वह कांग्रेस को वोट देंगी तो पैसा जरूर मिलेगा। राहुल गांधी सभाओ में महिलाओं से कहा भी तो जुलाइ,अगस्त,सितंबर हर महीने आपके खाते में खटाखट साढे आठ हजार रुपए आएंगे।

अब वह तमाम गरीब महिलाएं कांग्रेस को वोट देकर इंतजार कर रही है कि उनके खाते में खटाखट पैसा कब आएगा। जब उन्हें बताया जाता है कि कांग्रेस की सरकार तो बनी नहीं है उनके खाते में पैसा नहीं आएगा तो वह खुद को ठगा हुआ महसूस करती है कि वोट ले लिया और अब पैसा नहीं दिया जा रहा है। देश की महिलाएं हो किसी प्रद्श की महिलाएं उनसे जो भी ठगी करता है,वह उसे समय आने पर जरूर सबक सिखाती हैं।

**( ये लेखक के विचार हैं )**






रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**बालोद।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए जाने हेतु आनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। महिला एवं बाल विकास के अधिकारी ने बताया कि इसके अंतर्गत भारत के असाधारण क्षमताओं वाले बच्चों को उचित प्रोत्साहन देने हेतु उनके द्वारा बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा और विज्ञान व प्राद्यौगिकी, पर्यावरण, कला व संस्कृति व नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल किये जाने पर प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को भारत शासन द्वारा बाल वीर दिवस घोषित किया गया है। जिसके अंतर्गत 25 या न्यूनाधिक विजेता बच्चों को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 हेतु उक्त क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों का ऑनलाईन वेबसाइट अर्वाड्स डॉट जीओवी डॉट इन पर 31 जुलाई 2024 तक आवेदन किया जा सकता है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आवेदन करने हेतु पात्रता निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत आवेदक बालक को भारतीय नागरिक व भारत का निवासी होना अनिवार्य है। इसके अलावा संबंधित वर्ष के 31 जुलाई तक बालक की आयु 05 से 18 वर्ष तक होनी चाहिए। इसके साथ ही बालक के असाधारण उत्कृष्ट कार्य, घटना, उपलब्धि आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 से विगत 02 वर्ष के अंतर्गत होना अनिवार्य है।

### लाईवलीहुड कॉलेज में 10 को होगा रोजगार मेला का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में 10 जून 2024 दिन सोमवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में एसके सेफ्टी विंग्स प्राइवेट लिमिटेड सिकंदराबाद तेलंगाना में वेयर हाउस, सिक्योरिटी गार्ड, इंडस्ट्रियल लेबर, एसके सेफ्टी विंग्स प्राइवेट लिमिटेड तमिलनाडु में वेयर हाउस ऐसोसियेट, बाम्बे मैनेजमेंट सिक्योरिटी सर्विस हैदराबाद में सिक्योरिटी गार्ड, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर में सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर, जीटीओ, एसबीआई लाइफइंश्योरेंस दन्तेवाड़ा में लाइफमित्रा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एलआईसी ऑफइंडिया बचेली में एलआईसी एजेंट, फील्ड वर्क असिस्टेंट, शिवचरण सिन्हा ग्राम बिलोरी पो. कुरूदी में सिक्योरिटी गार्ड, अग्रवाल प्रोविजन में ऑपरेटर, सेल्स, मैनेजर की रिक्तियां प्राप्त हुई है, इस संबंध में इच्छुक आवेदक, आवेदिका 10 जून को प्रात: 11 से 04 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, एक सेट छायाप्रतियां, एक पासपोर्ट साईज फेटोग्राफ सहित, उपस्थित होकर इस रोजगार के अवसर का लाभ उठा सकते है।

### हमारे मित्र ऐसे हो जो हमारे लक्ष्य प्राप्ति में सहायक हो - कलेक्टर

**धमतरी।** कुरूद विकासखण्ड के ग्राम कातलबोड मे बीते 1 मई से परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के मार्गदर्शन एवं साहू कर्मचारी प्रकोष्ठ परिक्षेत्र बानगर के नेतृत्व में चल रहे नि:शुल्क शैक्षिक मार्गदर्शन एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आज समापन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने बच्चों का आह्वान करते हुए कहा कि माता-पिता हमारे सबसे बड़े शुभचिंतक हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी लक्ष्य की प्राप्ति तब कर पाएंगे, जब हम अपने ऊपर काम करेंगे। स्वयं पर काम तीन स्तरों पर होता है, शरीर मन और आत्मा, इन तीनों स्तरों पर स्वयं को शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। शरीर को स्वस्थ और मजबूत रखना हमारा धर्म है।

# जीएसटी कमिश्नर से मिले व्यापारी, नोटिस व ई-वे बिल से संबधित सुझाव पर सौंपा ज्ञापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट का एक प्रतिनिधी मंडल रजत बंसल (आईएएस) आयुक्त, राज्य जीएसटी, रायपुर (छग) से मुलाकात कर जीएसटी से संबधित नोटिस एवं ई-वे बिल से संबधित सुझाव का ज्ञापन सौपा गया।



कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट का एक प्रतिनिधी मंडल रजत बंसल (आईएएस) आयुक्त, राज्य जीएसटी, रायपुर (छग) से मुलाकात कर जीएसटी एवं ई-वे बिल से संबधित सुझाव का ज्ञापन सौपा गया। अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने ज्ञापन के माध्यम से रजत बंसल (आईएएस) को अवगत कराया कि वर्तमान समय में जीएसटी विभाग से जीएसटी से संबंधित लगभग सभी व्यापारी को नोटिस आ रही हैं, जो कि ईज़ ऑफ़ डूइंग व्यापार के विपरीत है तथा साथ ही साथ इससे व्यापारी एवं सलाहकार को चुनौतियां का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर केन्द्रीय जीएसटी द्वारा सिर्फ 10 से 15 प्रतिशत व्यापारियों को नोटिस दिया जा रहा है। तथा इनकम टैक्स के अंतर्गत भी सिर्फ 5 प्रतिशत ही व्यापारियों को नोटिस दिया जा रहा है। जो कि न्यायोचित नहीं है। इनकम टैक्स या केन्द्रीय जीएसटी विभाग के समान सिर्फ 10 से 15 प्रतिशत व्यापारियों को जीएसटी के अंतर्गत विभाग द्वारा नोटिस जारी किया जाये। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने आगे बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा वर्तमान में जीएसटीआर-1 फॉर्म देर से दाखिल करने के हेतु जुर्माना नोटिस जारी किया गया है। साथ ही विभाग द्वारा अन्य नोटिस व्यापारियों को दिया जा रहा है। विभाग द्वारा अचानक किए गए इस कार्यवाही से व्यापारियों में भय का माहौल है जिसके कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जबकि व्यापारिक समुदाय हमेशा सरकार को उसके कर संग्रह लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने में सहयोगी रहा है और नियमों के पूर्ण अनुपालन के लिए प्रयासरत है। व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा जारी जुर्माना नोटिस को स्वत: निरस्त किया जाना चाहिए।

उन्होंने आगे बताया कि पूर्व में शासन द्वारा इज ऑफ डूइंग बिजनेस के ध्येय को प्राप्त करने के लिए 19 जून 2018 को जारी अधिसूचना क्रमांक एफ10-31/2018 /वाक/पाँच (46 ) के तहत अभी तक राज्य मे जिले के भीतर माल परिवहन करने पर ई -वे बिल जारी करना आवश्यकता नहीं था। साथ ही साथ 15 वस्तुओ (सूची संलग्न) को छोड़कर राज्य के भीतर किसी भी वस्तुओं के परिवहन पर ई-वे बिल की आवश्यकता नहीं थी। परन्तु वर्तमान जारी अधिसूचना क्रमांक 202 के कारण ई- वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित जटिलताए बढ़ जाएगी। कैट ने आयुक्त से वर्तमान में जारी अधिसूचना पर पुन: विचार करते हुए पूर्व में जारी अधिसूचना को यथावत रखे जाने के लिए आग्रह किया गया। श्री बंसल ने ज्ञापन का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया तथा इस विषय पर टीम कैट को सकारात्मक आश्वासन दिया ।

आयुक्त से मुलाकात में टीम कैट एवं युवा के पदाधिकारी मुख्य रूप उपस्थित रहे। अमर पारवानी, अमर गिदवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, कन्हैंया गुप्ता, जयराम कुकरेजा, नागेन्द्र तिवारी, सीए मुकेश मोटवानी, सतीश तावानिया, दीपक विधानी एवं मनीष सोनी आदि शामिल थे।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वेच्छानुदान से 51 लोगों को डेढ़ करोड़ रूपए से ज्यादा सहायता राशि मंजूर की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संवेदनशीलता के साथ कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम बाहपानी में 20 मई को हुई दु:खद सड़क दुर्घटना एवं बेमेतरा जिले की भिंभौरी तहसील के ग्राम पिरदा में 25 मई को स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में मृतकों के परिजनों तथा घायलों सहित 51 अनुदानग्रहिताओं को अपने स्वेच्छानुदान मद से कुल 01 करोड़ 51 लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए तथा घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी



की सड़क दुर्घटना में 19 मृतकों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से 95 लाख रूपए तथा इस घटना में 16 घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से कुल 8 लाख रूपए की राशि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा स्वेच्छानुदान मद से मंजूर की गई है।

इसी प्रकार बेमेतरा जिले के ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में 25 मई को हुए ब्लास्ट में एक मृतक एवं 8 लापता व्यक्तियों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से कुल 45 लाख रूपए की आर्थिक सहायता तथा इसी घटना में 7 घायलों को 50 हजार रूपए के मान से कुल 3 लाख 50 हजार रूपए की सहायता राशि की मंजूरी मुख्यमंत्री ने दी है।

मुख्यमंत्री ने कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सड़क दुर्घटना में मृतक प्यारी बाई, कुमारी सोनम बाई धुर्वे, धनैया बाई धुर्वे, सिरदारी राम धुर्वे, कुमारी किरण, शांति बाई, तिको बाई, मीला बाई, जनिया बाई, मुंगिया बाई, झंगलो बाई धुर्वे, सियाबाई, पैंटोरिन बाई मेरावी, बिस्मत बाई मेरवी, लीला बाई, परसदिया देवी, भारती बाई, कुनती बाई, धानबाई ध्रुर्वे के परिजन को 5-5 लाख रूपए की राशि तथा 16 घायलों ममता, मुन्नी बाई, गुलाब सिंह, दयाराम, शिवनाथ,महावीर, कार्तिक, धन्नू, इन्द्राणी, जोधीराम, अनिल, फूलचंद, मानसिंह, श्रीराम, रम्हउ, बजरू को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि मंजूर की है।

इसी तरह ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट में मृतक सेवक राम और 8 लापता व्यक्तियों पुष्पराज देवदास, विजय देवदास, राजू ध्रुव, नीरज ध्रुव, लोकनाथ यादव, शंकर यादव, नरहर यादव, भीष्म साहू के परिजन को 5-5 लाख रूपए की राशि तथा 7 घायलों इन्द्रकुमार रघुवंशी, दिलीप ध्रुव, नीरज यादव, चंदन कुमार, मनोहर यादव,रवि कुर्रे,शेषनाथ निषाद को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि मुख्यमंत्री द्वारा मंजूर की गई है।

## क्लीन ग्रीन विलेज सप्ताह का हो रहा आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ के सभी जनपद पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के तहत क्लीन ग्रीन विलेज सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज ग्राम पंचायत कुसमुरा और लाखा में स्वच्छता रैली और शपथ, जल संरक्षण हेतु संकल्प, सोख्ता गड्ढा निर्माण एवं नालों, तालाब की साफ -सफाई की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन, महिला समूह की सदस्य, ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम आगामी 12 जून तक चलेगा।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने स्वच्छता रैली निकाली और लोगों को अपने आसपास परिवेश को स्वच्छ रखने हेतु आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शहर व गांव को साफ रखने में अपना योगदान दें तथा अन्य को भी सफाई के प्रति जागरूक करें। यदि सभी लोग अपने घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखेंगे तो पूरे जिले में स्वच्छता बनी रहेगी, जिससे बीमारियां भी दूर होगी और सभी स्वस्थ रहेंगे। मौके पर ग्रामवासियों ने मिलकर अपने आसपास के एरिया में उगे घास-फूस एवं रास्ते के गड्ढे में जमे पानी की सफाई की। इस दौरान महिलाओं ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए शपथ भी ली।

## महतारी एक्सप्रेस सेवा से गर्भवती माताओं व नवजात बच्चों को मिल रहा लाभ

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में नई 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा से गर्भवती माताओं व नवजात बच्चों को लाभ मिल रहा है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिये महतारी एक्सप्रेस 102 एंबुलेंस सेवा का परिचालन छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में किया जा रहा है। शासन द्वारा अक्टूबर 2023 से 102 महतारी एक्सप्रेस एंबुलेंस के संचालन का जिम्मा नई संस्था को दिया गया है जिसके द्वारा छत्तीसगढ़ में 380 नई एंबुलेंस के माध्यम से सेवा प्रदान किया जा रहा है जिसका लाभ लगातार गर्भवती माता एवं नवजात शिशुओं को मिल रहा है। उक्त योजना से माह अक्टूबर 2023 से लेकर अप्रैल माह तक जिले में कुल 6000 लाभार्थी लाभान्वित हो चुके है। 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा से घर से अस्पताल एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल रेफर तथा अस्पताल से घर जाने की सुविधा गर्भवती माता एवं शिशुओं को दिया जाता है। महतारी एक्सप्रेस सेवा का लाभ प्रसव पूर्व जांच के लिए किया जाता है। रायगढ़ स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल 11 नई एम्बुलेंस के द्वारा सेवा का संचालन किया जा रहा है। जो कि जीपीएस से सुसज्जित है जिससे सही समय में वाहन की मॉनिटरिंग किया जा सकें और लाभार्थी को त्वरित लाभ पहुँचाया जा सकें।

## यात्रियों को गर्मी से बचाने बांट रहे ओआरएस सैशे

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर । गर्मी व उमस के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है जिससे डिहाइड्रेशन की समस्या बढ़ जाती है। डिहाइड्रेशन की रोकथाम और समय पर उपचार आवश्यक होता है ।




इसी संदर्भ में मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के निर्देशन में गर्मी व उमस के दौरान यात्रियों को डिहाइड्रेशन अथवा निर्जलीकरण की समस्या से निजाद दिलाने जरूरतमंद यात्रियों को स्टेशनों व ट्रेनों में टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा ओआरएस सैशे उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे इस गर्मी व उमस भरी मौसम में किसी भी यात्री को डिहाइड्रेशन अथवा निर्जलीकरण की समस्या ना हो । उल्लेखनीय है कि भीषण गर्मी के मद्देनजर पानी की अधिक आवश्यकता की पूर्ति हेतु बिलासपुर रेल मण्डल द्वारा यात्रियों को स्वच्छ व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में वाटर कूलर व वाटर नल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही मंडल के विभिन्न स्टेशनों में यात्रियों के पहुँच वाले स्थानों में पर्याप्त मात्रा में मटके में शीतल पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है । बिलासपुर मंडल के इस अभिनव पहल से यात्रियों को ट्रेनों व स्टेशनों में पर्याप्त मात्रा में शीतल पेयजल के साथ ही ओआरएस सैशे की भी सुविधा मिल रही है । साथ ही यह पहल यात्रियों को उमस भरी गर्मी से राहत दिलाने में असरदार साबित हो रही है ।

### छत्तीसगढ़ विजन @/2047'' डॉक्यूमेंट तैयार करने अफसरों की बैठक

# लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित करने पर जोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अमृतकाल: छत्तीसगढ़ विजन@2047'' डॉक्यूमेंट तैयार करने वाणिज्य, उद्योग और अधोसंरचना विकास विषय पर गठित वर्किंग समिति की बैठक राज्य नीति आयोग अटल नगर नवा रायपुर के सभा कक्ष में आज आयोजित की गई। वाणिज्य उद्योग और अधोसंरचना विकास से संबंधित लक्ष्य, चुनौतियां एवं सामर्थ्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वर्किंग समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव दिए गए।




छत्तीसगढ़ में कुशल निवेश और कुशल निवेश तंत्र अपनाने पर ध्यान देने की आवश्यकता, खाद्य परीक्षण, एवं प्रमाणन सुविधाएं बढ़ाने, औद्योगिक पार्कों की वृद्धि करने, पर्याप्त कुशल कार्यबल की उपलब्धता, लॉजिस्टिक संबंधी बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने, पर्याप्त परिवहन संपर्क स्थापित करने, उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त पारिस्थितिकी तंत्र, राष्ट्रीय स्तर पर राज्य के भीतर पर्यटन स्थलों के बारे में जागरूक और प्रचार-प्रसार करने में ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव एवं सदस्य के. सुब्रमण्यम ने विभागों द्वारा बनाए गए लघु, मध्यम एवं दीर्घकालीन विजन एवं रणनीतियों के निर्धारण हेतु अपना सुझाव दिए। के सुब्रमण्यम ने जीडीपी, रोजगार, कृषि एवं संबंधित उद्योग, प्रति व्यक्ति आय, सेवाएं, व्यय एवं निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक, प्रशिक्षित कार्मिक, शासन और नीतियों की अनुकूलता, प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए कौशल सुधार जैसे विषयों पर अपने विचार दिए। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय को बढ़ावा देने के लिए उच्च उत्पादन वाले क्षेत्रों में रोजगार पैदा करना महत्वपूर्ण है।

सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव ने कहा की सतत एवं पुनर्योजी विकास में ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य को कृषि एव प्रसंस्कृत सुपर फूड के पावर हाउस में परिवर्तन किया जा सकता है। राज्य हर्बल उपचार का केंद्र बन सकता है। बीपीओ और के पी ओ जैसी आईटी सेवा में विस्तार करने की आवश्यकता है साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के रोजगार पर भी ध्यान देना होगा। वन धन, लघु वन उपज को बढ़ावा तथा उसके व्यवसायीकरण को भी डाक्यूमेंट में शामिल किया जाना चाहिए।

योजना आर्थिक विभाग के सचिव अंकित आनंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों और भारी धातुओं से समृद्ध राज्य है। एकीकृत औद्योगिक पार्कों की स्थापना के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण जैसे प्राथमिकता वाले विकास क्षेत्रों को विकसित करने जैसे विषय को डॉक्यूमेंट में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य सात राज्यों की सीमाओ से जुड़ा है जो की देश के 40 प्रतिशत हिस्से तक पहुंच है।

यहां लॉजिस्टिक हब बनाने का यह एक मजबूत अवसर भी है। बैठक में वाणिज्य उद्योग विभाग, हाउसिंग बोर्ड, ग्रामीण एवं नगर निवेश, पर्यटन, ऊर्जा, वित्त, क्रेडा, खादी एवं ग्रामोद्योग, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ,अटल नगर विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग सिडबी के अधिकारियों ने अपने विभाग के लक्ष्य, चुनौतियां एवं सामर्थ्य का प्रेजेंटेशन दिया। आईटी, वित्त, पर्यटन और खनिज संसाधन के एक्सपर्ट भी शामिल रहे तथा कोरबा एवं रायगढ़ जिला के कलेक्टर वर्चुअल रूप से जुड़कर अपना सुझाव दिए।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### प्रेस क्लब के संविधान में संशोधन के लिए सुझाव 13 जून तक

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर प्रेस क्लब के संविधान में संशोधन किया जाना है। इसके लिए संविधान संशोधन कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की पहली बैठक 6 जून को दोपहर 12 बजे प्रेस क्लब सभा कक्ष में रखी गई। कमेटी ने अपनी पहली बैठक में निर्णय लिया कि संविधान संशोधन के लिए सर्वप्रथम सदस्यों से उनके सुझाव आमंत्रित कर लिए जाएं। इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाए। संविधान संशोधन से पूर्व सदस्यों की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हो सकते हैं। इससे संशोधन में आसानी होगी। कमेटी ने प्रेस क्लब सदस्यों से 7 से 13 जून तक लिखित में सुझाव आमंत्रित किए हैं। प्रेस क्लब के सदस्य निर्धारित तारीख तक दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक अपने सुझाव प्रेस क्लब कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त सुझावों पर कमेटी की अगली बैठक विचार किया जाएगा।

### गैर मान्यता स्कूलों के खिलाफ एनएसयूआई का प्रदर्शन

**रायपुर ( ए. )।** राजधानी में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के संचालन के खिलाफ एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) ने काली पट्टी बांध कर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय का घेराव किया। एनएसयूआई प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ।

एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ अशासकीय स्कूल विनिमयन अधिनियम 1975 और नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत बिना मान्यता प्राप्त किए कई स्कूल चलाए जा रहे हैं। इन स्कूलों में फीस नियामक अधिनियम 2020 का भी पालन नहीं किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कृष्णा किड्स एकाडमी और चैतन्य टेक्नो स्कूल जैसे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों का विशेष रूप से उल्लेख किया।

प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल ने बताया कि राजधानी के कई गली मोहल्लों में केपीएस के अनेक गैर मान्यता प्राप्त स्कूल चलाए जा रहे हैं। एनएसयूआई ने जिला शिक्षा अधिकारी को कई बार इसकी सूचना दी, परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके विरोध में एनएसयूआई ने काली पट्टी बांध कर डीईओ कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर स्कूल खुलने तक इन गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को मान्यता नहीं मिली, तो एनएसयूआई इन स्कूलों पर तालाबंदी करेगी। इस प्रदर्शन में प्रदेश सचिव कुणाल दुबे, मोनू तिवारी, वाइस चेयरमैन पुनेश्वर लहरे, जिला सचिव गावेश साहू, विधानसभा उपाध्यक्ष विकाश पांडे, मनीष बांधे, तनिष्क मिश्रा, अंकित बंजारे समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में तीन दिवसीय शिविर आओ खोलें खुशियों के द्वार

# हम खुशी की तलाश में भाग रहे हैं लेकिन पता नहीं कहां मिलेगी : शर्मा

**रायपुर ( ए. )।** कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने कहा कि हम पूरी जिन्दगी खुशी की तलाश में लगे रहते हैं। हम खुशियों के पीछे भाग रहे हैं लेकिन मालूम नहीं है कि खुशी कहॉं और कैसे मिलेगी? इसी उधेड़बुन में सारी जिन्दगी निकल जाती है।

प्रो. बल्देव भाई शर्मा शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा मार्ग पर स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर रायपुर में आयोजित आओ खोलें खुशियों के द्वार- राजयोग अनुभूति शिविर के उद्घाटन अवसर पर अपने विचार रख रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि मन की मनमानी को रोकना ही ध्यान है। सारा खेल मन का है। आज राधिका दीदी ने शिविर में सबके लिए खुशियों के द्वार खोल दिए हैं। ब्रह्माकुमारी




परिवार सम्पूर्ण मानव जाति को प्रेम, सुख और शान्ति से जीने का मार्ग दिखा रहा है। उसी का यह राजयोग शिविर छोटा सा स्वरूप है।

इस अवसर पर हैदराबाद की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी राधिका दीदी ने कहा कि राजयोग के लिए स्वयं की पहचान जरूरी है। राजयोग मेडिटेशन से जीवन में स्थायी खुशी प्राप्त की जा सकती है। यदि हम अपने जीवन को चिन्ता रहित, सुख-शान्ति सम्पन्न बनाना चाहते हैं तो यह जानना निहायत जरूरी है कि मैं कौन हूं?

ब्रह्माकुमारी राधिका दीदी ने आगे कहा कि जब हम कहते हैं कि मुझे शान्ति चाहिए? तो यह कौन है जो कहता है कि मुझे शान्ति चाहिए? शरीर शान्ति नही चाहता। शरीर की शान्ति तो मृत्यु है। उन्होने बतलाया कि आत्मा कहती है कि मुझे शान्ति चाहिए। उन्होने आगे कहा कि आत्मा एक चैतन्य शक्ति है। शक्ति को स्थूल नेत्रों से देखा नही जा सकता लेकिन मन और बुद्धि से उसका अनुभव किया जाता है। उसी प्रकार आत्मा के गुणों का अनुभव करके उसकी उपस्थिति का अहसास होता है। आत्मा का स्वरूप अतिसूक्ष्म ज्योतिबिन्दु के समान है। उसे न तो नष्ट कर सकते हैं और न ही उत्पन्न कर सकते हैं। वह अविनाशी है। आत्मा के शरीर से निकल जाने पर न तो शरीर कोई इच्छा करता हैं और न ही किसी तरह का कोई प्रयास करता है।

ब्रम्हाकुमारी राधिका दीदी ने बतलाया कि आत्मा तीन शक्तियों के द्वारा अपना कार्य करती है। वह किसी भी कार्य को करने से पहले मन के द्वारा विचार करती है, फिर बुद्धि के द्वारा यह निर्णय करती है कि उसके लिए क्या उचित है और क्या अनुचित? तत्पश्चात किसी भी कार्य की बार-बार पुनरावृत्ति करने पर वह उस आत्मा का संस्कार बन जाता है। उन्होंने आगे बतलाया कि आत्मा की सात मूलभूत विशेषताएं होती हैं- ज्ञान, सुख, शान्ति, आनन्द,पवित्रता, प्रेम, और शक्ति। यह सभी आत्मा के मौलिक गुण हैं, जो कि शान्ति की अवस्था में हमें अनुभव होते हैं। उन्होने कहा कि हमारा मन किसी न किसी व्यक्ति, वस्तु या पदार्थ की स्मृति में भटकता रहता है, अब उसे इन सबसे निकालकर एक परमात्मा की याद में एकाग्र करना है। इसी से आत्मा में आत्मविश्वास और शक्ति आएगी। शिविर का शुभारम्भ जायसवाल निको कम्पनी के प्रेसीडेन्ट (एच. आर.) दिलीप मोहन्ती, प्रो. बल्देव भाई शर्मा, ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, राधिका दीदी और सन्तोष दीदी ने दीप प्रज्वलित करके किया।

# नगर निगम ने मुख्य बाजारों क्षेत्रों के मार्गों से अवैध कब्जों से कराया मुक्त

## नागरिकों को सुगम यातायात मुहैया कराने की गई त्वरित कार्रवाई

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता एवं जोनों की नगर निवेश विभाग की टीमों द्वारा जनहित में जनसुविधा हेतु यातायात सुगम बनाने निरन्तर अभियान चलाकर पुलिस बल की उपस्थिति में बाजार क्षेत्रों के मार्गो को अवैध कब्जों से मुक्त करवाकर एवं सड़क पर भवन निर्माण सामग्री रखकर बाधित यातायात को भवन निर्माण सामग्री जप्त करके नागरिकों को त्वरित राहत दिलवाई जा रही है।



इस क्रम में उड़न दस्ता की टीम ने जोन नम्बर 2, 4, 9 नगर निवेश विभाग की टीमों के साथ मिलकर नगर निगम के प्रभारी नगर निवेशक पद्माकर श्रीवास एवं जोन 4 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाया। जोन 4 के तहत मालवीय रोड में लगभग 25 से 30 दुकानदारों द्वारा दुकान के सामने सड़क को घेरकर किये गए अवैध कब्जों को हटाया गया।

वहीं 5 -6 दुकानों के सामने सड़क पर कब्जा जमाकर लगाए गए अवैध विज्ञापन बोर्ड हटाकर जप्त किये गए। ब्राम्हणपारा वार्ड क्षेत्र में लाखेनगर चौक के पास सड़क पर रखी गयी भवन निर्माण सामग्री को जप्त कर सम्बंधित भवन स्वामी पर 3000 रूपये का जुर्माना किया गया। जोन 2 क्षेत्र में शारदा चौक से गुरुनानक चौक तक अभियान चलाकर दुकानों के सामने सड़क पर किये गए अवैध कब्जों को हटाकर मुख्य मार्ग को कब्जामुक्त करते हुए नागरिकों को सुगम यातायात कायम कर त्वरित राहत दिलवाई गयी।

जोन 9 क्षेत्र में सड्डू बाजार क्षेत्र को अभियान चलाकर ठेले गुमटियों के सड़क पर किए गए अवैध कब्जे हटाकर यातायात जाम से नागरिकों को त्वरित राहत दिलवाई गयी। जोनों के बाजारों में अभियान जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में नगर निवेश विभाग के अभियंताओं ने चलाया। अभियान आगे भी जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से मुख्य मार्गो को अवैध कब्जों से मुक्त करवाकर नागरिकों को सुगम यातायात देने जारी रहेगा।

### कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रेडक्रॉस सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत सभी योजनाओं के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि अधूरे कार्यों को पूरा किया जाए। कार्यों में गति लाई जाए। साथ ही गांवों के सड़कों का मरम्मत कार्य जल्द पूरा किया जाए। टंकी से पाइपलाइन द्वारा पानी पहुंचाने का कार्य भी पूरा किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों में किसी भी तरह की ढ़िलाई नहीं बरती जाए। इस समीक्षा बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री फिलिप एक्का सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# एलआईसी मंडल स्तरीय कैरम स्पर्धा में प्रमोद व अनुसूइया बने विजेता




**रायपुर ( ए. )।** भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल की मंडल स्तरीय कैरम स्पर्धा का आयोजन 6 जून को भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय के क्रीडा व मनोरंजन कक्ष में सम्पन्न हुआ। स्पर्धा के संबंध में भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर के सह सचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि पुरुष वर्ग में शाखा कार्यालय राजनांदगांव के प्रमोद पाटिल एवं महिला वर्ग में मंडल कार्यालय रायपुर की श्रीमती अनुसूइया ठाकुर विजेता बनीं।

स्पर्धा के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल के विपणन प्रबंधक जीबी सत्यनारायण थे एवं इस अवसर पर सेलेक्शन समिति के चेयरमेन प्रबंधक (आई.टी.) नीलमणी द्विवेदी, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन महासचिव सुरेंद्र शर्मा, प्रथम श्रेणी अधिकारी एसोसिएशन अध्यक्ष धनंजय पाण्डे एवं क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की सचिव श्रीमती संध्या राज उपस्थित थे। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक नेशनल अम्पायर रफीक अहमद एवं सहायक अम्पायर एएन मणी थे।

**पुरुष वर्ग :** प्रथम: प्रमोद पाटिल (राजनांदगांव), द्वितीय: ललित वर्मा (मंडल कार्यालय रायपुर), तृतीय: सिद्धार्थ तांडी (मंडल कार्यालय रायपुर), **महिला वर्ग :** प्रथम: श्रीमती अनुसूइया ठाकुर (मंडल कार्यालय रायपुर), द्वितीय: कल्पना साई (भिलाई-1), तृतीय: श्रीमती ज्योति पाटिल (मंडल कार्यालय रायपुर) है। स्पर्धा में पुरुष एवं महिला वर्ग में विजेता हुए खिलाड़ियों का चयन आगामी आयोजित होने वाली मध्य क्षेत्रीय कैरम स्पर्धा के लिए किया गया है, जिसमें सम्पूर्ण मध्य क्षेत्र (मप्र एवं छग) के 8 मंडल कार्यालय के पुरुष एवं महिला विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। मध्य क्षेत्रीय कैरम स्पर्धा में प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ी भारतीय जीवन बीमा निगम की अखिल भारतीय कैरम स्पर्धा में मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# सेंट्रल इंटरवैनशन की दो दिवसीय कार्यशाला आज

## यह कार्यशाला डॉक्टरों के लिए लाभदायक और महत्वपूर्ण



**रायपुर ( ए. )।** हृदय से संबंधित ऑपरेशन चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नये-नये इनोवेशन को लेकर कॉर्डियोलॉजिकल्स सोसायटी ऑफ इंडिया के छत्तीसगढ़ चेप्टर के द्वारा सेंट्रल इंटरवैनशन की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 8 व जून को होटल कोटियर्ड बॉय मेरियेट में किया जा रहा है। यह जानकारी संयुक्त पत्रकारवार्ता में छत्तीसगढ़ चेप्टर के अध्यक्ष डा. दिलीप रतनानी, डॉ. स्मित श्रीवास्तव व डॉ. एसएस मोहंती ने दी।

उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कॉडियोलॉजी में हो रही हृदय के नये ऑपरेशन में प्रयुक्त होने वाली नई-नई तकनीकी की जानकारी से कॉडियक डॉक्टरों को अवगत कराना है। मेडिकल के क्षेत्र में इलाज और ऑपरेशन की नीत नई अत्याधुनिक इलाज और ऑपरेशन की तकनीक का इजाद हो रहा है जिससे अवगत कराने के लिए यह कार्यशाला डॉक्टरों के लिए लाभदायक और महत्वपूर्ण साबित होगी। इस कार्यशाला में बाहर से 11 विशेषज्ञ डॉक्टर भी शामिल होंगे जो इस नई विधि के बारे में जानकारी देंगे, इससे डॉक्टरों को मरीजों के इलाज और उसके ऑपरेशन में काफी मदद मिलेगी और मरीजों के स्वस्थ होने के प्रतिशत में भी वृद्धि होगी। इस कार्यशाला में पूरे देशभर से 100 से अधिक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों के शामिल होने की संभावना है।

कार्यशाला के दौरान ही आगामी 2024 और 25 के लिए छत्तीसगढ़ चेप्टर के नये पदाधिकारी के रुप में अध्यक्ष डॉक्टर एसएस मोहंती तथा सचिव के रुप में डा. निखिल मोती रमानी कार्यभार सम्हालेंगे। इस कार्यशाला को सफल बनाने के लिए पिछले अनेक दिनों से डॉक्टर सतीष सूर्यवंशी, डॉक्टर आलोक राय, डॉक्टर प्रभात पांडेय, डॉक्टर केके आदिले तथा डॉक्टर सुनील गोनियाल सतत कार्यशाला को लेकर इसकी रुपरेखा और डॉक्टरों से बातचीत कर रहे है।

शिवाजी महाराज का 351वें राज्याभिषेक दिवस पर सात नदियों के पानी- दूध से अभिषेक

# तात्यापारा: वीर शिवाजी प्रतिमा स्थल का होगा सौंदर्यीकरण: पुरंदर

**रायपुर ( ए. )।** राजधानी रायपुर के तात्यापारा चौक पर आयोजित शिवाजी महाराज के 351वें राज्याभिषेक समारोह में बतौर मुख्य वक्ता महाराष्ट्र मंडल के सभासद उदय रावले ने कि शिवाजी महाराज एक ऐसे साहसी और संकल्पित योद्धा थे, जिन्होंने 17वीं शताब्दी में हिंद स्वराज्य के संस्थापक के रूप में कई ऐतिहासिक कार्य किए। 6 जून, 1674 को अपूर्व भव्यता के साथ वह छत्रपति, सर्वोच्च संप्रभु के रूप में सिंहासन पर बैठे। छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिससे इस संप्रभु और शक्तिशाली हिंदू साम्राज्य की नींव पड़ी।

शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का जीवंत वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि शिवाजी ने एक ऐसे स्वदेशी साम्राज्य की स्थापना की, जिसमें प्रजा का हित संरक्षण सर्वोपरि था। उन्होंने 1646 में आदिल शाही सल्तनत को चुनौती देते हुए तोरण किले पर कब्जा कर लिया। इस साहसिक विजय ने मुगल साम्राज्य और आदिल शाही सल्तनत जैसी दुर्जेय शक्तियों को स्तब्ध कर दिया था। शिवाजी के नेतृत्व में उनकी सेना ने युद्ध में अनूठी रणनीतियों का प्रयोग किया। उनके



अपरंपरागत गुरिल्ला युद्ध (गनीमी कावा) की रणनीति और जांबाजी युद्ध के मैदान में उनकी जीत की आधारशिला थी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि तात्यापारा चौक स्थित वीर शिवाजी प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए वे नगर निगम के अधिकारियों से चर्चा करेंगे। वहीं शिवाजी महाराज की जयंती 19 फरवरी को शासकीय अवकाश घोषित करने के लिए वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात करेंगे।

महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र मंडळ की युवा समिति शिवाजी महाराज की महाआरती हर माह के 19 तारीख को विगत कई वर्षों से कर रही है। इस महाआरती के दिन हम शिवाजी महाराज के जीवन प्रसंगों पर चर्चा भी करते है, ताकि आज की युवा पीढ़ी उनके विचारों और हिंदूत्व की भावना को जान सकें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महाराष्ट्र मंडल के सचिव चेतन दंडवते ने शिवाजी महाराज का राज्यभिषेक जिन आठ विशेष मंत्रों से किया गया। उसका उल्लेख करते हुए उसका हिंदी में मतलब भी समझाया। इससे पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का सात नदियों के पानी और दूध से मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक किया गया।

तत्पश्चात मराठी समाज की श्रद्धालु महिलाओं ने 351 दीयों से शिवाजी महाराज की महाआरती की। अभिषेक के दौरान मंच पर प्रसन्न निमोणकर के नेतृत्व में अभय भागवतकर, मेधा पोतदार, श्रद्धा मरघड़े, प्रवीण क्षीरसागर, वैभव बर्वे समेत अनेक लोगों ने शंखनाद किया। कार्यक्रम शुरू होने से पहले रुकमणी रामटेके के नेतृत्व में महिलाओं ने काफी देर तक ढोल बजाकर समारोह को उत्साह और जोश से भर दिया। बाल शिवाजी के भेष में पार्थ शेष ने मंच पर छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम का जय घोष कर लोगों का ध्यान खींचा।

# निजात अभियान: नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर ( ए. )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्यवाही व जागरूकता अभियान, निजात अभियान शुरू किया गया है जिसमें नशे के खिलाफनिजात अभियान चलाकर शहर में बैनर पोस्टर एवं कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को न केवल जागरूक जागरूक किया जा रहा है ,अपितु नशे के अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है ,साथ ही नशे के गिरफ्त में आए लोगो की काउंसलिंग कर उनको नशे से निजात दिलाया जा रहा है।।

इसी तरह 6 मई को थाना सिविल लाईन पुलिस टीम




द्वारा कलेक्ट्रेट गार्डन में निजात अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर ऑटो चालक संघ के लोगो को तथा न्यू सर्किट हाउस, कटोरा तालाब, पंजाबी कालोनी, पंचशील नगर, राजातालाब, झण्डा चौक एवं ताजनगर क्षेत्र में लगभग 500 से 600 लोगों को एकत्र कर नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए जागरूकता कार्यक्रम किया गया तथा इस अभियान में शामिल होकर समाज को नशामुक्त बनाने हेतु बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिये अपील की गई है। रायपुर पुलिस का निजात अभियान लगातार जारी रहेगा।






















# ईशान खट्टर के साथ काम करना चाहती हैं अनुष्का सेन

**अनुष्का सेन का नाम टीवी जगत की उन अभिनेत्रियो की सूची मे शामिल है, जिन्होंने छोटी उम्र में इंडस्ट्री में खास मुकाम हासिल किया है।अनुष्का अभी 21 साल की हैं और वे टीवी शो से लेकर वेब सीरीज और फिल्मों तक में अपनी अदाकारी का तड़का लगा चुकी हैं।अब अनुष्का ने अभिनेता ईशान खट्टर के साथ काम करने की इच्छा जताई है। ईशान उनके पसंदीदा अभिनेता हैं। अनुष्का ने बताया कि उन्हें ईशान की अदाकारी बहुत पसंद है।**



बातचीत में अनुष्का ने दिग्गज अभिनेता रणवीर सिंह की भी खूब तारीफ की।उन्होंने कहा, रणवीर सिंह की ऊर्जा बहुत अलग है। हे भगवान, क्या ऊर्जा है। मुझे बहुत अच्छा लगता है जब वह अपनी एनर्जी के साथ दिखाई देते हैं और मुझे वह सफेद कपड़ों में बहुत अच्छे लगे हैं। मुझे यह बहुत पसंद है। अनुष्का अब तक क्रेजी कुक्कड़ फैमिली, लिहाफ द क्विल्ट और सम्मादिट्ठी जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

अनुष्का ने साल 2009 में आया टीवी शो यहां मैं घर घर खेली के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। हालांकि, अनुष्का को पहचान बालवीर से मिली, जो साल 2012 में आया था।झांसी की रानी, अपना टाइम भी आएगा, देवों के देव...महादेव और इंटरनेट वाला लव जैसे टीवी शो में नजर आ चुकी हैं।अनुष्का रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 11 में भी दिखाई दी थीं।



# साड़ी में कयामत ढाती दिखीं अवनीत कौर लेटेस्ट लुक ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

**बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया हेंडल पर पोस्ट करती हैं तो लोग अक्सर उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने एथनिक लुक से इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।**



अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने बोल्ड और हॉट लुक से फैंस को इस कदर कायल किया हुआ है कि लोग उनकी तस्वीरों पर से अपनी नजरें नहीं हटा पाते हैं। एक्ट्रेस हर बार इंडियन और वेस्टर्न लुक में अपनी फोटोज शेयर कर के अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।

अवनीत कौर का फैशन स्टेटमेंट हमेशा से ही ऑन प्वॉइंट रहता है। उनका हर एक स्टाइल फैंस काफी ज्यादा फॉलो करते हैं। हाल ही में हुए फोटोशूट में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अवनीत कौर पिंक कलर की बेहद ही सिंपल साड़ी पहने हुए नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने रिवीलिंग ब्लाउज भी कैरी किया हुआ है। कानों नें झुमकें, खुले बाल और सटल बेस मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। इन तस्वीरों पर भी एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- लुकिंग गॉर्जियस, फिर दूसरे यूजर ने लिखा सो हॉट एंड ग्लैमरस। वहीं तीसरे यूजर ने हार्ट इमोजी भेजते हुए कॉमेंट ब्यूटिफुल कॉमेंट किया है।

# 49 की उम्र में भी सिंगल है करोड़ों की ये मालकिन

## लाइफस्टाइल देख रईसी पर नहीं होगा यकीन

**बॉलीवुड स्टार जीतेंद्र की बेटी ह्यको 'टेलीविजन क्वीन' के नाम से पहचाना जाता है। आज 7 जून को वह अपना स्पेशल डे सेलिब्रेट कर रही हैं। जब वह 19 साल की थी तो उन्होंने सीरियल हम पांच प्रोड्यूस किया था। इस सीरियल की पॉपुलैरिटी ने उन्हें सातवें आसमान पर पहुंचा दिया था।**

एकता कपूर ने 25 साल पहले 'मानो या ना मानो' सीरियल से टेलीविजन की दुनिया में कदम रखा था और तब से न जाने कितने सुपरहिट हिट शोज दे चुकी हैं। कई फिल्मों के जरिए वह बॉलीवुड में भी अपना दमखम दिखा चुकी हैं।

बालाजी टेलीफिल्म बैनर के तहत एकता अब तक 130 से ज्यादा डेली सोप प्रोड्यूस कर चुकी हैं। साल 2001 में उन्होंने गोविंदा की फिल्म क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता भी प्रोड्यूस की थी।

### यूं बनी टीवी की क्वीन

एकता कपूर ने टेलीविजन इंडस्ट्री में तो अपने टैलेंट के जरिए तहलका ही मचा रखा है। हालांकि टीवी और फिल्मों के अलावा एकता अब ओटीटी की क्वीन भी बन चुकी हैं। सीरियल हम पांच, क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कसौटी जिंदगी, कहीं किसी रोज, कहीं तो होगा जैसे कितने ही जबरदस्त शो एकता ऐसे लेकर आई जिन्होंने दर्शकों को दीवाना बना दिया था। टीवी के अलावा एकता कई हिट फिल्में और सीरीज भी प्रोड्यूस कर चुकी हैं।

### पद्मश्री अवॉर्ड से की गई सम्मानित

टीवी सीरियल ही नहीं एकता ने कई फिल्मों कृष्णा कॉटेज, क्या कूल हैं हम, शूटआउट एट लोखंडवाला, जैसी कई बड़ी फिल्में भी प्रोड्यूस की हैं। फिल्मों और ओटीटी पर अपने दिए गए योगदान के लिए उन्हें साल 2020 में पद्मश्री अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था।

बता दें कि आज एकता कपूर सक्सेसफुल बिजनेसवुमन के रोल में लोगों को इंस्पायर करती हैं। एकता की इस सफलता ने उन्हें हमेशा नंबर वन बनाए रखा है। एकता कपूर के लाइफस्टाइल की बात करें तो वह काफी लैविश तरीके से जिदंगी जीती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2021 में एकता की नेटवर्थ 95 करोड़ रुपए थी। वह महीने का 1 करोड़ से ज्यादा कमाती हैं। बीते काफी समय से एक्ट्रेस काफी अच्छी ग्रोथ कर रही हैं।

# डेंड्रफ की वजह से सिर में होती है खुजली?

## रोजाना करें इस चीज से बालों की मालिश

बालों में होने वाला डैंड्रफ अब एक आम समस्या बन गया है, जो कई कारणों से हो सकता है। कई बार डैंड्रफ शर्मिंदगी का कारण बन जाता है। खोपड़ी का सूखापन डैंड्रफ का सबसे आम कारण होता है। बता दें कि जब खोपड़ी शुष्क होती है, तो त्वचा की कोशिकाएं तेजी से मरने लगती है और गुच्छे बनाकर गिरने लगती है। जिसे हम डैंड्रफ का नाम दे देते हैं। यही नहीं कई बार तनाव, हार्मोनल बदलाव, कमजोरी, दवाइयों का सेवन करना आदि की वजह से डैंड्रफ हो सकते हैं।

### डैंड्रफ से पाएं छुटकारा

डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए आप कई तरह के घरेलू उपाय आजमा सकते हैं। कई बार अधिक डैंड्रफ होने की वजह से सिर में खुजली चलने लगती है, खोपड़ी पर लालिमा और तैलीयपन आने लगता है। अगर आप भी डैंड्रफ से परेशान है, तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज हम आपको ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप बालों से डैंड्रफ को दूर कर सकते हैं और अपने बालों को खूबसूरत बना सकते हैं। हम बात कर रहे हैं नारियल तेल और नींबू की।

### नारियल तेल और नींबू के रस का इस्तेमाल

नींबू का तेल एंटी फ ंगल गुणों से भरपूर होता है। यह फंगस के विकास को रोकने में मदद करता है, आप इसका इस्तेमाल कर डैंड्रफ से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए आपको एक बड़ा चम्मच नारियल तेल में 5 से 10 बूंद नींबू के रस की मिलाना होगी। इस मिश्रण को आप रात में सोने से पहले अपने बालों पर लगा ले और हल्के हाथों से सिर की मालिश करें। सुबह उठकर आप शैंपू से अपने बाल धो सकते हैं। ऐसा करने से डैंड्रफ से राहत मिलेगी और सर में खुजली चलना बंद होगी।



### मालिश करने से पहले करें ये काम

आप नारियल तेल, बादाम तेल का भी इस्तेमाल कर हल्के हाथों से अपने बालों की मालिश कर सकते हैं। इसके अलावा आप मालिश करने से पहले अपने बालों को सुलझा ले और बालों को हल्का गीला कर ले, ध्यान रहे तेल का उपयोग सीमित मात्रा में करें, स्वस्थ और पौष्टिक आहार का सेवन करें, दिन भर में काम से कम 7 से 8 गिलास पानी जरूर पिए, धूप में जाने से बच्चे और तनाव कम करें। इससे भी डेंड्रफ की समस्या से छुटकारा मिलता है। इन सब उपायों को करने के बाद भी आपको डैंड्रफ से राहत नहीं मिलती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।




# रवितेजा के भतीजे माधव स्टारर पहली फिल्म मिस्टर इडियट का टीजर जारी

मास महाराज रवितेजा के भतीजे माधव अभिनीत फिल्म मिस्टर इडियट में नायिका के रूप में सिमरन शर्मा हैं। जेजेआर एंटरटेनमेंट्स और सुश्री यालामांची रानी के बैनर तले जेजेआर रविचंद द्वारा निर्मित, यह फिल्म गौरी रोनांकी द्वारा निर्देशित है, जिन्होंने पेली सांडा डी से व्यावसायिक सफलता हासिल की थी। आज रवितेजा ने सोशल मीडिया पर मिस्टर इडियट का टीज़र जारी किया।

टीज़र में सत्या (सिमरन शर्मा द्वारा अभिनीत) का परिचय दिया गया है, जो ध्रुव फैशन डिजाइनिंग कॉलेज की एक शीर्ष छात्रा है, जो अपने अद्वितीय डिजाइन कौशल के लिए जानी जाती है। इस दौरान, हीरो (माधव) कॉलेज में प्रवेश करता है और सत्या को मल्टीपल कहकर चिढ़ाता है। टीज़र दिलचस्प ढंग से दिखाता है कि कैसे उनकी उथल-पुथल भरी दोस्ती प्यार में बदल जाती है। माधव रवितेजा के ऊर्जावान सार को प्रस्तुत करते हैं और अपनी स्टाइलिश उपस्थिति और प्रदर्शन दोनों से प्रभावित करते हैं।

मिस्टर इडियट, जिसने सभी निर्माण चरण पूरे कर लिए हैं, जल्द ही एक भव्य नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है। रिलीज डेट की घोषणा मेकर्स द्वारा की जाएगी।

# जबदस्त एक्शन करते नजर आए लक्ष्य लालवानी

## करण जौहर की किल का टीजर जारी

**लक्ष्य लालवानी बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। उनके करियर की पहली फिल्म किल पिछले कुछ समय से लगातार चर्चा में है।फिल्म के निर्देशक की कमान निखिल नागेश भट्ट ने संभाली है। करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं।अब निर्माताओ ने किल का दमदार टीजर जारी कर दिया है, जिसमें लक्ष्य ट्रेन में जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं।राघव जुयाल भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे।**



करण किल के जरिए लक्ष्य को दर्शकों के बीच पेश करने वाले हैं। उन्होंने इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ मिलकर किया है।यह फिल्म 5 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।किल में लक्ष्य की जोड़ी पहली बार तान्या मानिकतला के साथ बनी है। तान्या भी इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं।इस फिल्म के एक्शन सीक्वेंस कोरिया के जाने-माने एक्शन सीक्वेंस एक्सपर्ट ओह के देखरेख में शूट किए गए हैं।

निखिल नागेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म किल के लिए दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों गुनीत मोंगा द्वारा साझा किए फिल्म के दृश्यों को देखकर लगता था कि इस फिल्म की कहानी ट्रेन के इर्द-गिर्द घूमती दिखेगी। हालांकि, अब टीजर रिलीज के बाद ट्रेन में खतरनाक एक्शन सीन्स देख दर्शकों के पसीने छूट गए हैं। बता दें कि टीजर रिलीज से पहले गुनीत ने इसकी एक झलक साझा करते हुए लिखा था, साल के सबसे भयंकर और भयावह खूनी खेल के लिए तैयार हो जाइए। किल एक थ्रिलर क्राइम पर आधारित फिल्म है।

करण जौहर के प्रोडक्शन में बनी फिल्म किल अपने रिलीज से पहले ही काफी सुर्खियां बटोर रही है। इस फिल्म का प्रीमियर टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। करण जौहर ने उसी दौरान किल के रिलीज डेट का भी खुलासा कर दिया था। फिल्म 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.

## खास खबर

### दुर्ग आईजी ने कोतवाली थाना प्रभारी को किया लाइन अटैच, काम में लापरवाही का आरोप



**दुर्ग।** आईजी रामगोपाल गर्ग ने दुर्ग कोतवाली के थाना प्रभारी महेश ध्रुव को लाइन अटैच कर दिया है। आईजी ने विभागीय कार्य में लापरवाही बताते हुए यह आदेश जारी किया है। लेकिन महेश ध्रुव का कहना है कि उनके खिलाफ यह कार्रवाई गलत तरीके से हुई है। वे आईजी के सामने अपना पक्ष रखेंगे।

निरीक्षक महेश ध्रव ने बताया कि उनके थाने में लव पाण्डेय नाम का सिपाही है। उसकी ड्यूटी चुनाव कार्य में तमिलनाडु में लगाई गई थी। लव पाण्डेय को शायद इसकी जानकारी हो गई थी। उसने 24 मई को कोतवाली थाना प्रभारी महेश ध्रुव से 7 दिनों का अवकाश अप्रूव करा लिया। छुट्टी मिलते ही लव पाण्डेय को थाने से रिलीव कर दिया गया। जब आईजी कार्यालय से लव पाण्डेय को ड्यूटी पर भेजने का आदेश आया तो थाना प्रभारी ने लव पाण्डेय को सूचित किया और ड्यूटी जाने के लिए कहा।

लव पाण्डेय पहले से अवकाश पर था। उसने ड्यूटी ज्वाइन कर तमिलनाडु जाने की जगह मेडकिल लीव ले ली। जब लव पाण्डेय ड्यूटी पर नहीं पहुंचा और इसकी जानकारी आईजी दुर्ग राम गोपाल गर्ग को हुई तो उन्होंने निरीक्षक महेश ध्रुव के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें लाइन अटैच कर दिया। निरीक्षक महेश ध्रुव का कहना है कि उन्होंने सिपाही लव पाण्डेय को अवकास 24 मई को दिया था, जबकि उनके पास चुनाव ड्यूटी का आदेश 27 मई को आया है। ऐसे में उन्होंने कहां से गलत किया है। उन्होंने लव पाण्डेय को वापस बुलाया भी, लेकिन वो नहीं आया और मेडिकल लीव पर चला गया है। इसके लिए उस पर कार्रवाई करने की जगह गलत तरीके से उन पर कार्रवाई की गई है। महेश ध्रुव का कहना है कि वो इस संबंध में खुद आईजी रामगोपाल गर्ग के सामने अपना पक्ष रखेंगे।

### पशु तस्करी के शक में दो की हत्या, पिटाई से बचने खाली नदी में लगाई छलांग

**रायपुर।** राजधानी के आरंग महानदी के पास पशु तस्करी के शक में दो लोगों की हत्या हो गई। ट्रक में मवेशियों को भरकर ले जाते समय में कुछ लोगों ने उनका पीछा किया। महानदी पुल पर ट्रक रुकवाया गया। चालक, हेल्पर व एक अन्य को उतारा गया और लोगों ने पिटाई शुरू कर दी। पिटाई से बचने के लिए तीनों ने खाली नदी में छलांग लगा दी। इससे एक की मौके पर मौत हो गई और एक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल है जिसका इलाज चल रहा है।

आरंग थाना पुलिस से मिली जानकारी जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार तड़के लगभग 3 बजे के आसपास की है। ट्रक में भैंसों का परिवहन किया जा रहा था। इन भैंसों को ओड़िशा के बाजार में बेचने जा रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसे रोका और ड्राइवर सहित दो अन्य की पिटाई शुरू कर दी। आशंका जताई जा रही है कि ड्राइवर और उसके साथी ने खुद के बचाव के लिए खाली नदी में कूद गए जिससे उनकी मौत हो गई। मृतकों के नाम का नाम चांद मिया और गुड्डू खान बताया जा रहा है।

# ब्रूसली हत्याकांड: 6 जिलों में पुलिस की दबिश, एक नाबालिग सहित 8 गिरफ्तार

**नेवई थाना क्षेत्र का मामला, पत्नी को मायके से लेने आया था पति, विवाद हुआ तो दिया वारदात को अंजाम**

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में दो दिन पहले बुधवार की रात को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने एक नाबालिगम सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हत्या की विवेचना के दौरान आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने रायपुर, बलौदाबजार, बेमेतरा, राजनांदगांव, दुर्ग एवं बालोद में लगातार दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोटर सायकल, लाठी, डण्डा, धारदार हथियार, बेस बाल डण्डा, लोहे का राड, तलवार आदि जब्त किया गया है।




बता दें 5 जून की आधीरात को देवबलौदा में एल चिरंजीव उर्फ ब्रूसली नामक युवक की कुछ लोगों के द्वारा हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद तत्काल पुलिस टीम के द्वारा घटना स्थल पहुंची। जब तक पुलिस पहुंची हत्या करने वाले वहां से भाग चुके थे। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को मरच्यूरी भिजवाया। इस मामले में मुकेश कुमार मानिकपुरी निवासी देवबलौदा की रिपोर्ट पर थाना पुरानी भिलाई में धारा 302, 147, 148, 149, 120बी भादवि का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया और जरूरी साक्ष्य एकत्रित किए। चश्मदीद व आस पास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि अर्जुन बघेल, दीपक कुमार टंडन उर्फ गोलू, राजेश कुर्रे, भूपेंद्र टंडन, जसवंत मारकंडे, देवा बंजारे, सुनील बंधे, भीम बघेल, अजय बघेल, शेखर सेन व एक नाबालिग के द्वारा उक्त हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों का पता चलने के बाद पुलिस ने इनकी तलाश शुरू की लेकिन यह सभी घटना के बाद फरार हो गए थे।

#### अलग- अलग टीमें बनाकर दी गई दबिश

पुलिस की टीमें आरोपियों के छिपने के संबंधित ठिकानों पर अलग- अलग टीमें बनाकर लगातार दबिश दी गई। सभी आरोपी गिरफ्तारी के डर से अपना स्थान परिवर्तित कर रहें थे। टीम द्वारा रायपुर, बलौदाबजार, बेमेतरा, राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद के क्षेत्रों में आरोपियों उपस्थिति के संभावित ठिकानों में दबिश दी। पुलिस को जल्द ही सफ्लता मिली। पुलिस ने इस मामले में अर्जुन बघेल, दीपक कुमार टंडन उर्फ गोलू, राजेश कुर्रे, भूपेंद्र टंडन, जसवंत मारकंडे, देवा बंजारे, सुनील बंधे व नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं शेष आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

#### पुरानी रंजिश के कारण की थी ब्रूसली की हत्या

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों बताया कि उनका मृतक एल चिरंजीव उर्फ ब्रूसली के साथ पुरानी रंजिश है। पिछले साल की होली में ब्रूसली ने भीम के बड़े भाई अर्जुन से मारपीट की थी। इसकी शिकायत जीआरपी थाना भिलाई 03 में कराई गई थी। यही नहीं बीच बीच में झगड़ा विवाद होते रहता था। इसी तरह गांव के ही दीपक कुमार टंडन उर्फ गोलु के साथ भी ब्रूसली ने मारपीट की थी। दीपक कुमार टंडन उर्फ गोलु और भीम, उसका भाई और उसके साथी ब्रेसली से मारपीट की घटना का बदला लेने के लिए मौके की तलाश में लगे हुए थे।

#### प्लानिंग बनाकर दिया हत्या की वारदात को अंजाम

5-6 जून 2024 दरम्यानी रात करीबन 10.00 बजे पता चला कि बंधवा तालाब के पास मैदान में एल. चिरंजीव उर्फ ब्रूसली गांव के जय सिंह एवं मुकेश मानिकपुरी के साथ शराब पी रहा है। तब गोलु ने मौका सही होने की बात करते हुए एल. चिरंजीव को सबक सिखाने की योजना बनाई और लाठी, डण्डा, धारदार हथियार, बेस बाल डण्डा, लोहे का राड, तलवार लेकर मोटर सायकल से अर्जुन बघेल, दीपक कुमार टंडन उर्फ गोलू, राजेश कुर्रे, भूपेंद्र टंडन, जसवंत मारकंडे, देवा बंजारे, सुनील बंधे, भीम बघेल, अजय बघेल, शेखर सेन व नाबालिग बंधवा तालाब गए। यहां ब्रूसली अपने साथी मुकेश मानिकपुरी व जयसिंह के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इनको देखकर जयसिंह और मुकेश मानिकपुरी भाग गये। इसके बाद सभी ने मिलकर लाठी, डण्डा, धारदार हथियार, बेस बाल डण्डा, लोहे का राड, तलवार आदि से ब्रूसली की बेरहमी से मारपीट की। इसके बाद सभी गिरफ्तारी की डर से भाग गये।

#### मोटरसाइकिल सहित हथियार बरामद

आरोपियों के निशादेही पर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एक सुपर स्पलेण्डर बिना नंबर की एवं होण्डा शाईन क्रमांक सीजी 07 एएम 2402 आलाजरब लाठी, डण्डा, धारदार हथियार, बेस बाल डण्डा, लोहे का राड, तलवार आदि उनके निशादेही पर पृथक पृथक बरामद कर जब्त किया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना पुरानी भिलाई से उप निरीक्षक योगेश्वर कुमार वर्मा, एएसआई जीएनएच चौधरी, हिरामन रामटेके, मंगला गुप्ता, प्रधान आरक्षक राजेश साहू, रविन्द्र भारतीय, राजेश तिवारी, आरक्षक ईश्वर भारद्वाज, विजय पासवान, महेश बंछोर, शशिकांत यादव व एसीसीयू से एएसआई चन्द्रशेखर सोनी, शमित मिश्रा, पूर्णबहादुर, प्रधान आरक्षक सगीर खान, रोमन सोनवानी, आरक्षक रिंकु सोनी, राकेश चौधरी, राकेश अन्ना, भावेश पटेल, गुनित कुमार, अजय गहलोत, शहबाज खान, अनुप शर्मा, शिव मिश्रा, जुगनु सिंह, अश्वनी यदु, मेघराज चेलक, राजकुमार चन्द्रा, अजय ढीमर, पंकज चतुर्वेदी की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## हाथी को छेड़ना पड़ा भारी, गुस्सैल हाथी ने तोड़ी बाइक, बाल-बाल बचा युवक

■ **कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज के कापा नावापारा की घटना**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा जिले में तीन हाथी सड़क पार कर रहे थे इसी दौरान राहगीरों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। जिससे गुस्साए हाथी ने सड़क पर जमकर उत्पात मचाया। जिसके चलते सड़क के दोनों तरफ यात्री बस समेत अन्य वाहनों की लंबी लाइनें लग लगई।

हाथी के पास से एक बाइक सवार जा रहा था, हाथी का रौद्र रूप देख वह हड़बड़ी में बाइक से नीचे गिर गया। उसने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। जिसके बाद हाथी ने बाइक पर अपना गुस्सा निकाला। हाथी ने पटक-पटक कर बाइक को तोड़ दिया। हाथी का रौद्र रूप देखकर सभी लोग डर गए और वहां अफ्रा-तफ्री का माहौल बन गया। हाथी आधे घंटे तक सड़क पर इधर से उधर धूमता रहा। हाथी कभी ट्रक को धक्का देता नजर आया तो कभी सड़क के दोनों तरफ वाहन की तरफ दौड़ता रहा।

ये पूरा मामला कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज के कापा नावापारा का है। वन कर्मियों ने बताया कि जंगल के रास्ते से आ रहे तीन हाथी सड़क पार कर रहे थे। तभी लोगों ने हाथियों को देख हल्ला मचाना शुरू कर दिया। तीन



हाथियों में से एक हाथी सड़क पर ही रूक गया और उसने जमकर उत्पात मचाया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाया लेकिन उसके बावजूद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे। हाथी के करीब जाने का कोशिश कर रहे थे। किसी तरह हाथी का रेस्कयू कर जंगल की ओर खदेड़ा गया तब जाकर लोगों ने और वनकर्मियों ने राहत की सांस ली।

कटघोरा डीएफ्ओ निशांत कुमार ने बताया कि 40 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है, जहां कुछ हाथी झुंड से अलग हो जाते हैं। उसके बाद फिर मिल जाते है ये जो हाथी था वो दंतैल था, जो काफी आक्रामक होते हैं। आसपास गांव में मुनादी कराई जा रही है कि वह जंगल की ओर न जाएं।

### जंगल में मिला अज्ञात महिला का कंकाल, जांच में जुटी पुलिस

**जगदलपुर।** बकावंड थाना क्षेत्र के जुनावानी के जंगल में एक ग्रामीणों ने एक महिला का कंकाल देखा। जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात महिला के कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस महिला की पहचना करने में जुटी है। मामले की जांच की जा रही है।

मामले की जानकारी देते हुए बकावंड थाना प्रभारी छत्रपाल कंवर ने बताया कि बकावंड क्षेत्र के टियूसगुड़ा से जुनावानी जाने वाले कच्चे मार्ग में गांव के कुछ ग्रामीण बोड़ा निकालने के लिए गए हुए थे। जंगल में बोड़ा खोजने के दौरान जंगल झाड़ियों के बीच में एक महिला का कंकाल देखा। ग्रामीण डर गए, जिसके बाद अपने आसपास के लोगों को मामले की जानकारी दी। महिला के कंकाल मिलने की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस भी मामले की जानकारी मिलते ही वहां आ गई।

## स्विमिंग पूल में तैर रही बच्ची को सांप ने डसा बचाना छोड़कर वीडियो बनाता रहा संचालक

■ **स्वीमिंग सीखने पहुंची थी बच्ची, तैरते समय हुआ हादसा**

**जगदलपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र में स्थिति स्विमिंग पूल में शुक्रवार को स्विमिंग सीखने आयी 10 साल की लड़की को सांप ने डस लिया। जिसके बाद बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्ची की मां ने स्विमिंग पूल के संचालकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

बताया जा रहा है कि बच्ची को जब सांप ने डसा उस वक्त स्विमिंग पूल संचालक बच्ची को हॉस्पिटल ले जाने के बजाए सांप का वीडियो बनाते नजर आया। वहीं जब बच्ची की मां वहां पहुंची तो संचालक ने अपना पल्ला झाड़ते हुए उन्हें सांप के डसने की जानकारी दी और बच्ची को हॉस्पिटल ले जाने को कह दिया। बच्ची को शहर के महारानी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां फ्लिहाल उसे आईसीयू में रखा गया है।

जगदलपुर नगर निगम ने इस



स्विमिंग पूल का ठेका प्राइवेट पार्टी को दे रखा है, जिसमें शहर के बच्चों के साथ-साथ अन्य नागरिक भी बड़ी संख्या में स्विमिंग सीखने पहुंचते हैं। खासकर गर्मी की छुट्टियों की वजह से रोजाना सुबह सात बजे से ही स्विमिंग पूल में बच्चों का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है। बच्चों के अभिभावक उन्हें स्विमिंग पूल के संचालक के भरोसे छोड़कर चले जाते हैं।

बता दें कि स्विमिंग पूल में सांप निकलने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई जहरीले सांप यहां निकल चुके हैं। बच्ची की मां ने स्विमिंग पूल के संचालक पर आरोप लगाते हुए कहा कि स्विमिंग करने छोटे बच्चें से लेकर बुजुर्ग तक यहां पहुंचते हैं लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। वहीं नगर निगम ने इस मामले की जांच कराने की बात कही है।

जगदलपुर नगर निगम ने इस स्विमिंग पूल का ठेका प्राइवेट पार्टी को दे रखा है, जिसमें शहर के बच्चों के साथ-साथ अन्य नागरिक भी बड़ी संख्या में स्विमिंग सीखने पहुंचते हैं। खासकर गर्मी की छुट्टियों की वजह से रोजाना सुबह सात बजे से ही स्विमिंग पूल में बच्चों का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है। बच्चों के अभिभावक उन्हें स्विमिंग पूल के संचालक के भरोसे छोड़कर चले जाते हैं।

बता दें कि स्विमिंग पूल में सांप निकलने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई जहरीले सांप यहां निकल चुके हैं। बच्ची की मां ने स्विमिंग पूल के संचालक पर आरोप लगाते हुए कहा कि स्विमिंग करने छोटे बच्चें से लेकर बुजुर्ग तक यहां पहुंचते हैं लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। वहीं नगर निगम ने इस मामले की जांच कराने की बात कही है।

## ज्वेलरी-शॉप में चोरी, मालिक चिल्लाता रहा और सामने से भाग गए बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर के धरसींवा थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने शुरू की जांच**

रायपुर। राजधानी रायपुर के ज्वेलरी शॉप में चोरी का सनसनी खेज मामला सामने आया है। यहां 7 चोरों ने मिलकर ज्वेलरी शॉप में चोरी कर ली। चोरों ने लोहे के सब्बल के सहारे बड़े ही आसानी से दुकान के शटर और ग्रिल को मोड़ दिया और दुकान के अंदर घुस गए। चोरी की खबर दुकान मालिक को लग गई और चोर-चोर चिल्लाते रहा लेकिन आरोपी उसके सामने से ही तेजी से फरार हो गए। घटना धरसींवा थाने की है। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है।




पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार रात करीब 2-3 बजे की है। राजधानी से सटे धरसींवा की दो ज्वेलरी दुकान में करीब सात चोर पहुंचे। ये दुकान कारोबारी समर संतरा और इम्तियाज अली की थी। चोरों ने वारदात के दौरान चेहरे में कपड़ा बांध रखा था। हाथों में लोहे का मोटा सब्बल रखा था। सीसीटीवी वीडियो में दिख रहा है कि चोर सब्बल के सहारे लोहे की शटर और ग्रिल को बड़ी ही आसानी से मोड़ते हुए दिख रहे हैं। इसके बाद आसानी से चोर दुकान में घुसते दिखे।

कारोबारी समर संतरा ने पुलिस को बताया कि चोरों की दुकान में तोड़फोड़ करने के दौरान उनके परिचित ने आवाज सुनी। फिर उन्हें फोन पर जानकारी दी। कारोबारी की दुकान और घर आसपास ही है। वह फौरन दुकान के पास आ गया। कुछ दूरी से चोर-चोर चिल्लाने लगा। शटर में पत्थर भी फेंके। आवाज सुनकर कर चोर दुकान से बाहर निकले और पीछे अंधेरे की तरफ तेजी से फरार हो गए। चोरों की संख्या ज्यादा थी। उनके पास धारदार हथियार भी थे। जिस वजह से व्यापारी भी डर गया। वह कुछ दूरी पीछा करके आगे नहीं बढ़ा। चोरों ने करीब साढ़े 8 लाख के गहनों की चोरी की है।

#### सीसीटीवी सिस्टम उखाड़कर ले गए चोर

पुलिस ने बताया कि चोरों ने एसटी ज्वेलर्स से 10 जोडी जोड़ी चांदी का पायल, 36 चांदी का चैन, 30 चांदी की अंगूठी, चांदी की बांसुरी, मुकुट, मेहंदी छल्ला, गाय, हाथी, बिछिया, मूर्तियां, 5 सोने की अंगूठी समेत 4 लाख का जेवर गायब है। केजीएन ज्वेलर्स से 50 जोड़ी चांदी की बिछिया, 30 चांदी का चैन, 12 जोड़ी चांदी का पायल, 3 चांदी का करधन, 20 चांदी की अंगूठी, 150 सोने की फूली समेत 3.50 लाख का जेवर ले गए है। यहां से कैमरे का डीवीआर भी उखाड़कर ले गए हैं।

#### कार से भागने की आशंका

इन चोरों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए चेहरे में कपड़ा बांधा हुआ था। उनके पास शटर काटने के भी मौजूद थे। चोरों ने दुकान के भीतर घुसते ही सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया। पुलिस को शक है कि चोर चारपहिया से आए थे। घटना के बाद उसी से भागे है। ये बाहरी गिरोह हो सकता है। इस घटना के बाद धरसींवा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश में जुट गई है।

## नारायणपुर-दंतेवाड़ा के इलाके में मुठभेड़, सात नक्सली ढेर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** नारायणपुर-दंतेवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप (डीआरजी) के जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान अब तक सात नक्सली मारे गए। जवानों ने हथियार बरामद किए हैं। क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी है।

नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि छह जून की रात से जिला नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव के सीमावर्ती इलाके में पूर्व बस्तर डिविजन अंतर्गत ग्राम मुंगेडी, गोबेल क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अंतर्जिला संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया था। अभियान के दौरान सात जून को दिन भर गोबेल क्षेत्र के जंगल में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ हुई।



संयुक्त अंतर्जिला नक्सल अभियान में पांच वर्दीधारी नक्सली ढेर हुए हैं। सभी मृत नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। बड़ी संख्या में नक्सली घायल होने की सूचना भी है। नारायणपुर डीआरजी के तीन जवान घायल भी घायल हुए हैं। एख घायल जवानों की स्थिति सामान्य एवं खतरे से बाहर है। संयुक्त अभियान में जिला नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, जगदलपुर की डीआरजी एवं 45वीं वाहिनी आईटीबीपी का बल शामिल है। क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी है।


भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता


कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस

**दुर्ग।** जिले में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जून 2024 को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाएगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि प्रत्येक नागरिक अपनी स्वेच्छा अनुरूप रक्तदान करें। ताकि आपके द्वारा दिये गये रक्तदान से कई लोगों की जान बचाया जा सके। भारत में सालाना 01 करोड़ युनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन उसकी उपलब्धता 75 लाख युनिट है, 25 लाख युनिट ब्लड की कमी से हर साल सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है। ब्लड डोनेट करके न सिर्फ आप दूसरों की जान बचा सकते है, बल्कि अपने स्वास्थ्य को सुधार भी कर सकते है। आपके 01 युनिट रक्तदान से जरूरतमंद किसी एक व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि 14 जून 2024 को विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल दुर्ग एवं समस्त निजी ब्लड बैंकों में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें सभी नागरिक अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर अपनी नागरिकता और सामाजिक सद्भावना का परिचय देने एवं पुनीत कार्य करने के लिये आगे आयें।

### पीएटी/पीव्हीपीटी 2024 प्रवेश परीक्षा कल

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में 09 जून 2024 दिन रविवार को सुबह 09 बजे से 12.15 बजे तक छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा पी.ए.टी/पी.व्ही.पी.टी. 2024 प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाना है। सभी परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र में उल्लेखित परीक्षा केन्द्रों सें परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभाँति परिचित हो जाएं। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आईडी. प्रूफ जैसे- मतदाता पहचान पत्र/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड/पासपोर्ट/विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र/फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा।

### यूथ हॉस्टल्स के सदस्यों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**दुर्ग।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग-भिलाई इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सदस्यों द्वारा भिलाई में पौधारोपण और कन्या महाविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं के साथ संयुक्त रूप से पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में योगदान दिया। इस संबंध में भिलाई इकाई के चेयरमेन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि सेक्टर 09 में सदस्यों द्वारा पौधों का रोपण किया गया एवं सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। इनमें आम, नीम, आंवला, जामुन, बरगद, पीपल, कटहल, करंज, अमलतास, गुलमोहर, चम्पा के पौधे प्रमुख थे। पौधारोपण करने वाले सदस्यों ने पौधों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया। पौधारोपण में बालू राम वर्मा, दीपेश वर्मा, सियाराम कश्यप, द्वारका प्रसाद चौधरी, मनोज चौबे, मारुति बालशंकर, जी. पी. त्रिपाठी, पुष्पा ठाकुर, ओम कुमारी देवांगन, के. सिन्धु, नीलेश ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही।

### अतिक्रमण पर निगम की बड़ी कार्रवाई

# सुपेला अंडरपास से गदा चौक तक बेजा कब्जों पर चला बुलडोजर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई द्वारा अतिक्रमण पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है। सुपेला अंडरपास से संडे मार्केट होते हुए गदा चौक तक बेजा कब्जों पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान सड़क के साथ ही मार्केट के भीतर भी अतिक्रमण को हटाया गया। शनिवार की सुबह से ही निगम की कार्रवाई शुरू हो गई। निगम की कार्रवाई को देख संडे मार्केट के व्यापारी भी सकते में आ गए। सड़क किनारे की दुकानों के अतिरिक्त निर्माण व बांस बल्ली से किए गए कब्जों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान व्यापारियों व निगम कर्मियों के बीच गहमा गहमी का माहौल भी देखने को मिला।

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा समय समय पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। सुपेला के संडे मार्केट में इससे पहले भी कई बार बेजा कब्जों पर बुलडोजर चलाया गया। कार्रवाई के बाद कुछ दिन ठीक रहने के बाद फिर से कब्जें शुरू हो जाते हैं। खासकर सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा सामने अतिरिक्त स्थल पर कब्जा कर व्यापार किया जाता है। हर सप्ताह संडे मार्केट के दौरान गदा चौक तक की सड़क जाम हो जाती है जिसके कारण ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है। इसे लेकर निगम व यातायात विभाग द्वारा समझाइश दी जाती रही है इसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।



### सुपेला अंडरपास : बेजा कब्जों पर बुलडोजर चलाया, मोहलत मांगते दिखे दुकानदार




कार्रवाई के दौरान कई दुकानदार खुद से अतिक्रमण हटाने के लिए मोहलत भी मांगते देखे गए। कई दुकानदारों ने निगम टीम से खुद से तोड़ने के लिए समय मांगा। निगम के अधिकारियों ने किसी की नहीं सुनी। इससे पहले भी यहां दुकानदारों को चेताया गया था इस वजह से निगम ने आज सीधी कार्रवाई की है। वहीं कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदार स्वयं ही अतिक्रमण हटाने लगे। निगम के राजस्व अमले ने मार्केट के व्यापारियों से कहा है कि अपनी दुकान में ही व्यापार करें अनावश्यक रूप से अतिक्रमण कर सड़क जाम न करें। निर्देश का पालन नहीं करने पर भिलाई निगम की यह कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

### व्यापारियों व निगम कर्मियों के बीच तिखी बहस

कार्रवाई के दौरान व्यापारियों व निगम कर्मियों के बीच तिखी बहस भी होती रही। सुबह कार्रवाई के लिए जब निगम का अमला पहुंचा तो आसपास के व्यापारी जमा हो गए। इस दौरान सुपेला, वैशाली नगर व छावनी से पुलिस बल को भी बुलाया गया। पुलिस की मौजूदगी में निगम अमले ने कब्जों पर कार्रवाई शुरू की। दुकान के तय दायरे से बाहर जितना भी अतिरिक्त निर्माण किया गया उसे हटाया गया। संडे मार्केट में कई दुकानदारों ने बासं बल्ली से कब्जा कर रखा था इसे भी ध्वस्त किया गया। यही नहीं दुकान के बाहर लगे दुकान के फ्लैक्स व साइन बोर्ड को भी निगम ने अपने कब्जे में ले लिया।

शनिवार को एक बार फिर से भिलाई निगम के राजस्व अमले ने कार्रवाई कर यहां से बेजा कब्जों को तोड़ना शुरू किया। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर अपरायुक्त अशोक द्विवेदी के नेतृत्व में के उपस्थिति में सुपेला अंडर ब्रिज से लेकर के गदा चौक तक रोड के ऊपर अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई।

# मनरेगा श्रमिकों ने मनाया रोजगार दिवस




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले के प्रत्येक मनरेगा ग्राम पंचायत में आज रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत् ग्राम पंचायतों में पर्यावरण सरंक्षण कार्यों के विषय में मजदूरों को जानकारी दी जा रही है। जिसमें मजदूरों को वर्षाजल की एक-एक बूंद का संरक्षण करने, भू-जल का रिचार्ज करने एवं जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोक पीट एवं वाटर हार्वेस्टिंग सरंचना के बारे में जानकारी दी गई। वर्षा जल के प्रभावी प्रबंधन के लिये उपयुक्त स्थानों की पहचान कर सभी सार्वजनिक नल कूप/हैण्डपम्प के पास सोक पिट का निर्माण तथा सार्वजनिक पक्के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सरंचना बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में विशेष रैली कार्यक्रम व चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार दिवस के उपलक्ष्य में रोजगार देना व रोजगार से संबंधित शिकायतों का निराकरण संबंधित चर्चा की गई। साथ ही ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं बूंद-बूद जल को बचाने का मुहिम भी चलायी जा रही है। वहीं वर्मी कम्पोस्ट नाडेप पिट से जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैविक खाद बनाने, जैविक कचरे का प्रबंधन एवं मृदा-स्वास्थ्य में सुधार के लिये गांवों में हितग्राहियों को प्रोत्साहित कर जानकारी दी गयी। ग्राम पंचायतों बेस्ड भुगतान एवं एन.एम.एम.एस ऐप मास्टर की एन्ट्री की जा रही है। रोजगार दिवस के अवसर पर मनरेगा के निर्माण कार्य की मांग, मजदूरों के आधार शिडिंग व कार्य से सबंधित शिकायत जैसी जानकारियां दी गयी। रोजगार दिवस मजदूरों के हक की बाते बताने का एक माध्यम रहा है। ग्राम पंचायत में मनरेगा स्थाई परिसम्पति निर्माण एवं गांव का विकास किया जा सकता है।

योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 304 ग्राम पंचायतों के 296 ग्रामों में 1069 निर्माण कार्य चल रहे है। कुल मजदूरों की संख्या 67 हजार 2 सौ 49 है। जिसमें मानव दिवस 22 लाख 09 हजार 2 सौ 33 उपलब्ध कराया गया है। रोजगार दिवस के दौरान ग्राम पंचायत ठेंगाभाट जनपद पंचायत धमधा जिला दुर्ग मे जल संरक्षण जागरूकता अभियान अंतर्गत शपथ एवं जागरूकता रैली निकाला गया।

# आशीष यादव बने विधायक प्रतिनिधि

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई से राजनीति की शुरुआत करने वाले सेक्टर 1 वार्ड 48 निवासी आशीष यादव को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक प्रतिनिधि के रुप में आशीष यादव का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई रहेगा। अपनी इस नियुक्ति पत्र आशीष यादव ने विधायक देवेन्द्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस विश्वास और उम्मीद से उन्हें जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे।



छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई में विधायक देवेन्द्र यादव के प्रतिनिधि बनाए गए आशीष यादव वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने अपनी सक्रिय राजनीति की शुरुआत वर्ष 2009 में मौजूदा विधायक देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में एनएसयूआई से जुड़कर की थी। वर्ष 2011 में उन्हें एनएसयूआई का दुर्ग जिला संयोजक बनाया गया। फिर वर्ष 2014-15 के दौरान आशीष यादव छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। इसके बाद उन्होंने एनएसयूआई में प्रदेश सचिव, प्रदेश महासचिव और राष्ट्रीय सचिव के पद का बखूबी निर्वहन किया। वे वर्ष 2022 में युवा कांग्रेस के प्रदेश मीडिया कोआर्डिनेटर भी रहे। विधायक प्रतिनिधि के रुप में नियुक्ति मिलने पर आशीष यादव ने कांग्रेस पार्टी से जुड़े सभी वरिष्ठ नेताओं का आशीर्वाद लेकर मार्गदर्शन देते रहने का आग्रह किया। उन्हें भिलाई नगर निगम के लोक निर्माण विभाग एमआईसी सदस्य एकांश बंछोर, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुमीत पवार, खेल एवं युवा कल्याण एमआईसी सदस्य आदित्य सिंह, पार्षद अभिषेक मिश्रा, आमिर सिद्धीकी, डामेन्द्र परगनिहा, आशीष शुक्ला, अभय सिंह, आदित्य सिंह मन्त्री, संदीप कुमार, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू साहू, प्रदेश महासचिव फराज अहमद, जिला अध्यक्ष गुरलीन सिंह, जिला महासचिव मेशांक मिश्रा, भिलाई नगर विधानसभा अध्यक्ष संगम यादव सहित अनेक लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# आओ बात करे - सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम कार्यशाला का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं एग्रिकॉन फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से 'आओ बात करें' सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत दुर्ग के सभागार मे हुआ। इस कार्यक्रम मे दुर्ग, पाटन एवं धमधा खंड से सचिव, रोजगार सहायक, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, बिहान, एनजीओ सहित 70 लोगों की भागीदारी रही। कार्यशाला का उद्घाटन युवोदय कार्यक्रम जिला समन्वयक श्री शशांक शर्मा ने किया।




अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है, और हमें इसे नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सकती है।


कार्यक्रम मे एग्रीकान फाउंडेशन से मानसिक स्वास्थ्य राज्य समन्वयक दानिश के हुसैन, युवोदय एवं युवा कार्यक्रम राज्य स्तरीय समन्वयक जागृति गर्ग के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं युवोदय कार्यक्रम से जुड़े विषयों के बारे में जानकारी दी गई। प्रारंभ में जागृति गर्ग के द्वारा स्वयंसेवा एवं स्वयंसेवकों के भूमिका, युवोदय क्या है के विषय में चर्चा की गई। जिससे समाज मे युवाओं के द्वारा समुदाय में उचित बदलाव लाया जा सके, इसके साथ सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के द्वारा समाज में अच्छे व्यवहारों को अपनाने हेतु कैसे कार्य कर सकते है इस विषय मे चर्चा की गई। दानिश के. हुसैन के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषयों को लेकर चर्चा में भावनाये 'आप कैसा महसूस कर रहे है', मानसिक रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति के गुण, मानसिक स्वास्थ्य क्यो महत्वपूर्ण है, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और इसके प्रभावों पर चर्चा की गई। तनाव प्रबंधन योग और ध्यान के माध्यम से तनाव को कैसे प्रबंधित किया जा सकता है, इस पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। सकारात्मक सोच और आत्म-सम्मान बढ़ाने और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रमुख अंश में विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियाँ कराई गई, बायो मेडिकल मॉडल, मनो सामाजिक मॉडल, मानसिक स्वास्थ्य बनाये रखने के उपाय के बारे मे बताया गया। गतिविधियों मे प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान के लिए समूह चर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान कई इंटरेक्टिव सत्र भी आयोजित किए गए। जहां प्रतिभागियों ने अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञों ने उनके उत्तर दिए। इनमें अवसाद, चिंता, तनाव और मानसिक स्वास्थ्य के अन्य पहलुओं पर चर्चा की गई। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों के सवालों के उत्तर दिए गए और उन्हें व्यक्तिगत परामर्श भी दिया गया। उपस्थितियों का अनुभव कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को अत्यंत लाभकारी और जानकारीपूर्ण बताया। संतोष कुमार खरे सचिव सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट ने कहा, 'इस कार्यशाला से मुझे अपनी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने की दिशा में बहुत मदद मिली। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित पुस्तिकाएँ और अन्य संसाधन वितरित किए गए। इस कार्यशाला ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में इसे लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्यशाला मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और उम्मीद है कि भविष्य में इस तरह के और भी आयोजन होते रहेंगे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र ने भारतीय रेलवे को भेजी हीट-ट्रीटेड रेल के चार रेक

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने आधुनिक यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) से अप्रैल 2024 में आर 350 हीट-ट्रीटेड (एचटी) रेल की तीन रेक भेजे हैं। भारतीय रेलवे, अपना आधुनिकीकरण करने के साथ ही रेल परिवहन में उच्च गति और एक्सल लोड की ओर बढ़ रहा है जिसके लिए रेलवे, सेल से माइक्रो-अलॉय रेल और हीट-ट्रीटेड रेल दोनों की मांग कर रही है।



संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल ने माइक्रो-अलॉय आर-260 ग्रेड रेल के नियमित उत्पादन के साथ-साथ, भारतीय रेलवे के स्पेसीफिकेशनों के अनुसार हीट-ट्रीटेड रेल की रोलिंग प्रारंभ कर दी है। भारतीय रेल नेटवर्क में जहाँ ट्रेनों का एक्सल लोड अधिक होता है और जहाँ ट्रेन तेजी से गति पकड़ती है और रूकती है, उन हिस्सों में ट्रेनों के पहिये और पटरियों के बीच घर्षण अधिक होता है।

रेल परिवहन के ऐसे हिस्सों में विशेष हीट-ट्रीटेड ग्रेड रेल सबसे उपयुक्त है। सेल की अनुसंधान शाखा आरडीसीआईएस में कड़े परीक्षणों और भारतीय रेलवे की अनुसंधान शाखा आरडीएसओ से अनुमति के उपरान्त, अक्टूबर 2023 में यूनिवर्सल रेल मिल में आर 350 एचटी रेल का व्यावसायिक उत्पादन शुरू हुआ। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को 260 मीटर लंबाई में आर350 एचटी रेल की 1000 टन की पहली खेप भारतीय रेलवे को भेजी गई।

सेल-बीएसपी से 20 अप्रैल 2024 को आर350 हीट-ट्रीटेड रेल के 60 पैनलों की दूसरी रेक भारतीय रेलवे को भेजी गई। इसके पष्चात अप्रैल 2024 में हीट-ट्रीटेड रेल के दो और रेक रोलिंग कर भारतीय रेलवे को भेजा गया, जिससे अब तक भेजे गए आर350 एचटी रेल के रेकों की कुल संख्या चार हो गई। प्रत्येक रेक में 1000 टन 260 मीटर लंबी रेल की लोडिंग कर प्रेषण किया गया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र जो छह दशकों से अधिक समय से भारतीय रेलवे को वांछित ग्रेड में रेलों की आवश्यकता की पूर्ति कर रहा है, ने अपने यूनिवर्सल रेल मिल से विष्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल को सिंगल पीस में रोल कर, भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनलों में आपूर्ति करता है। माइक्रो-अलॉयड रेल की आवश्यकता को पूरा करने हेतु, सेल-बीएसपी ने 60ई1 प्रोफाइल के साथ आर-260 रेल का एक नया ग्रेड विकसित किया था, जिसे जुलाई 2022 से रोलिंग कर भारतीय रेलवे को आपूर्ति किया जा रहा है। आर260 ग्रेड रेल के मानदंड और स्पेसीफिकेषन सेल-बीएसपी द्वारा पूर्व में उत्पादित ग्रेड-880 या यूटीएस-90 रेल और यहां तक कि यूरोपीय देशों में उपयोग की जाने वाली रेल के स्पेसीफिकेशन से भी कहीं अधिक कड़े हैं।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने कॉम्बो रोलिंग मोड में आर260 रेल के 56 रेक डिस्पैच के साथ-साथ आर350 एचटी रेल के भी तीन रेक डिस्पैच किए। चैथे रेक हेतु एचटी रेल्स उत्पादन में प्रतिदिन औसतन 10 घंटे रोलिंग के साथ केवल तीन दिन का समय लगा। साथ ही पहली रेक हेतु की गई रोलिंग की तुलना में एचटी रेल की प्राइम स्वीकृति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# बीएसपी के एमआरडी विभाग में राजभाषा कार्यशाला संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी के मटेरियल्स रिकवरी डिपार्टमेन्ट के सभागार में विभाग प्रमुख व मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार के मुख्य आतिथ्य एवं महाप्रबंधक दीनामणि नायक, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे एवं अन्य कार्मिकों की उपस्थिति में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एमआरडी के कार्यक्षेत्र में पदस्थ एफएसएनएल के अधिकारीगण उप प्रबंधक डी. डी. नवरंगे, सहायक प्रबंधक राहुल रॉय, कनिष्ठ प्रबंधक सुनील कुमार नायक सहित अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया।




मुख्य अतिथि सुशील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एमआरडी में अधिकतम कार्य हिंदी भाषा में ही संपादित किए जा रहे हैं। विभागीय कार्मिकों की प्रतिभागिता, हिंदी विभाग के आयोजनों में सदैव ही रहती है। हमारा प्रयास है कि अहिंदी भाषी कार्मिक भी समस्त कार्यालयीन कार्य हिंदी में कर सकने योग्य दक्षता प्राप्त कर सकें। इसके लिए गूगल ऑनलाइन वॉइस टायपिंग एक बहुत ही उपयोगी साधन है, इसकी सहायता से जिन्हें हिंदी में लिखना नहीं आता, वे भी आसानी से हिंदी में टायपिंग कर सकते हैं। गूगल ऑनलाइन वॉइस टायपिंग का प्रशिक्षण दिया जाना बहुत ही लाभदायक है, इससे हिंदी लेखन अत्यंत ही आसान हो गया है, क्योंकि अब हिंदी लिखना भी बोलने जितना आसान हो गया है।

महाप्रबंधक दीनामणि नायक ने कहा कि हिंदी भाषा समझने व समझाने दोनों में सहज व सरल है। हिंदी सरल भाषा है, पूर्व में मुझे हिंदी बोलना, लिखना नहीं आता था, मैनें भिलाई आकर ही हिंदी सीखी है। हमारा संयंत्र 'क' क्षेत्र में स्थित है। अत: हमें हिंदी में शत-प्रतिशत कार्य करना है, व एमआरडी इसके लिये सतत प्रयासरत है।

कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार-मनीष श्रीवास्तव, द्वितीय पुरस्कार-कुलदीप सिंह तोमर तथा तृतीय पुरस्कार - कमलेश कुमार राजपूत ने प्राप्त किया। प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता अभिनय कुमार राकेश रोशन कर्ण एवं व्ही मोहन राव रहे।

उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी तथा ऑनलाइन गूगल वॉइस टाइपिंग का प्रशिक्षण दियाद्य साथ ही ऑनलाइन नोटशीट सिस्टम सैप में हिंदी में नोटशीट बनाने का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी में समस्त कार्य करने हेतु शपथ दिलाई गई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950